

# मेट्रो Rays

आगे रखने का वादा

सांध्य दैनिक

रांची, रविवार, 22 सितंबर 2024

संवत 2081, आश्विन कृष्ण 5 संवत मूल्य-2 रुपये

वर्ष-8, अंक 18 , पृष्ठ-8, RNI No.-JHAHIN/2017/75028





4 ▸▸ क्यों मनाया जाता है जितिया व्रत ?

दोबारा रिलीज पर हुई छप्पर फाड़ कमाई ◂◂ 6







# बेंगलुरु में झारखंड की महिला की हत्या, शव के 30 टुकड़े कर फ्रिज में रखा

मेट्रो रेज

**रांची:** बेंगलुरु के मल्लेश्वरम इलाके में एक महिला की हत्या के बाद शव के 30 से ज्यादा टुकड़े करने का मामला सामने आया है। महिला झारखंड की रहने वाली बताई जा रही है। जानकारी के अनुसार, झारखंड की 29 वर्षीय महिला का क्षत-विक्षत शव शनिवार को बेंगलुरु के व्यालिकावल इलाके में एक फ्लैट के रेफ्रिजरेटर में मिला। शव को सबसे पहले मृतक के मकान मालिक ने देखा, जो दो दिनों से पड़ोस में फैली दुर्गंध का पता लगा रहा था। जब वह फ्लैट में दाखिल हुआ तो उसके होश उड़ गए।

सूचना पर पहुंची पुलिस ने जब महिला के घर में फ्रिज खोलकर देखा तो शव के टुकड़े नजर आए। मामले की जांच जारी है। पुलिस ने बताया कि मल्लेश्वरम इलाके में





रहने वाली महिला एक मॉल में काम करती थी। महिला की पहचान हेमंत दास की पत्नी महालक्ष्मी के रूप में हुई है, जो फ्लैट में अकेली रहती थी। पुलिस ने 165 लीटर के रेफ्रिजरेटर से 30 टुकड़े बरामद किए हैं।

**पड़ोसियों ने सोचा सड़े हुए भोजन की दुर्गंध है:** पड़ोसियों ने शुरू में सोचा कि सड़े हुए भोजन की वजह से घर से दुर्गंध आ रही है। इंडियन एक्सप्रेस की रिपोर्ट के अनुसार, जब बदबू ज्यादा फैली तो उन्होंने उसी बिल्डिंग में रहने वाले फ्लैट के मालिक जयराम को इसकी सूचना दी। फ्लैट बाहर से बंद था। वह बहुत बदबू आने के बावजूद फ्लैट में घुसा और फ्रिज खोला जिसमें सूखा खून और क्षत-विक्षत शव दिखा। इसके बाद उसने पुलिस को सूचना दी।

**12 सितंबर से महिला का मोबाइल था बंद:** बताया जा रहा है कि महिला का पति अपनी बेटी के साथ अलग रहता है। पुलिस उससे पूछताछ कर रही है। हेमंत दास के साथ घरेलू कलह के बाद पीड़िता पांच महीने पहले इस फ्लैट में रह रही थी। पुलिस का कहना है कि महिला की हत्या करीब चार-पांच दिन पहले की गई होगी। 12 सितंबर को उसका मोबाइल बंद हो गया था।

**शव टुकड़ों में कटा हुआ और फ्रिज में रखा हुआ मिला:** पुलिस अतिरिक्त पुलिस आयुक्त (पश्चिम क्षेत्र) एन सतीश कुमार ने मीडिया को बताया कि व्यालिकावल पुलिस स्टेशन की सीमा के अंदर एक घर में एक महिला का शव टुकड़ों में कटा हुआ और फ्रिज में रखा हुआ मिला। ऐसा प्रतीत होता है कि हत्या 4-5 दिन पहले की गई है। शव की पहचान हो गई है। जांच जारी है। हम जांच के बाद ज्यादा जानकारी दे सकेंगे। महिला कर्नाटक में रहती थी, लेकिन मूल रूप से दूसरे राज्य की है।

## क्वाड शिखर सम्मेलन में पीएम मोदी ने चीन पर साधा निशाना, कहा-

# हम किसी के खिलाफ नहीं...



**विलमिंगटन:** भारत ने मौजूदा कालखंड के तनावों और संघर्षों से घिरे विश्व के लिए साझा लोकतांत्रिक मूल्यों के आधार पर आस्ट्रेलिया, भारत , जापान एवं अमरीका के चतुष्कोणीय गठजोड़ क्वाड का मिलकर साथ चलना मानवता के लिए बहुत महत्वपूर्ण बताया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अमरीका के राष्ट्रपति जोसेफ आर बिडेन की मेजबानी में जापान के प्रधानमंत्री फूमियो किशिदा और आस्ट्रेलिया के प्रधानमंत्री एंथोनी अल्बानीज के साथ छठवीं क्वाड शिखर बैठक में भाग लिया। पीएम मोदी ने अपने वक्तव्य में क्वाड की 20वीं वर्षगांठ के अवसर पर जो बाइडेन को बधाई दी और कहा कि उनके नेतृत्व में 2021 में क्वाड के पहली शिखर बैठक का आयोजन किया गया, और इतने कम समय में हमने अपने सहयोग को हर दिशा में अभूतपूर्व तरीके से बढ़ाया है। इसमें व्यक्तिगत रूप से राष्ट्रपति बिडेन की बहुत महत्वपूर्ण भूमिका रही है।

प्रधानमंत्री ने कहा, हमारी बैठक ऐसे समय हो रही है जब विश्व तनावों और संघर्षों से घिरा हुआ है। ऐसे में साझा लोकतांत्रिक मूल्यों के आधार पर, क्वाड का मिलकर साथ चलना, पूरी मानवता के लिए बहुत ही महत्वपूर्ण है। वहीं, पीएम मोदी ने बिना नाम लिए चीन पर हमला बोलते हुए कहा, हम किसी के खिलाफ नहीं हैं। हम सभी एक नियम आधारित अंतरराष्ट्रीय व्यवस्था, संप्रभुता और क्षेत्रीय अखंडता के सम्मान, और सभी मसलों के शांतिपूर्ण ढंग से हल निकालने का समर्थन करते हैं। स्वतंत्र, खुला, समावेशी और समृद्ध हिन्द प्रशांत क्षेत्र हमारी साझा प्राथमिकता और साझा प्रतिबद्धता है। उन्होंने कहा कि हमने मिलकर स्वास्थ्य सुरक्षा, महत्वपूर्ण और उभरती प्रौद्योगिकियों, जलवायु परिवर्तन और क्षमता निर्माण जैसे क्षेत्रों में कई सकारात्मक और समावेशी पहले आरंभ की हैं। हमारा संदेश साफ है:- क्वाड का अस्तित्व सहायता करने के लिए, साझीदारी करने के लिए और पूरक बनने के लिए हमेशा रहेगा। पीएम मोदी 2025 में क्वाड नेताओं की शिखर बैठक भारत में किये जाने का उल्लेख करते हुए नेताओं को आमंत्रित किया। सूत्रों के अनुसार क्वाड शिखर सम्मेलन में सदस्य देशों के बीच सहयोग को मजबूत करने के लिए कई महत्वपूर्ण पहलों की घोषणा की गई हैं।

## जनता की अदालत मे पहुंचे केजरीवाल ,कहा

# नवरात्रि शुरू होने पर मुख्यमंत्री आवास छोड़ दूंगा

**नयी दिल्ली:** दिल्ली के जंतर-मंतर पर आम आदमी पार्टी (आप) के नेता अरविंद केजरीवाल ने 'जनता की अदालत' कार्यक्रम में : दिल्ली के जंतर-मंतर पर आम आदमी पार्टी (आप) ने जनता की अदालत कार्यक्रम का आयोजन किया जिसे पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने संबोधित किया। केजरीवाल ने कहा कि 4 अप्रैल, 2011 का दिन एक ऐ दिन था जब भ्रष्टाचार विरोधी अन्ना आंदोलन शुरू हुआ था। अन्ना आंदोलन के समय चुनाव लड़ने की चुनौती दी गयी थी, हमने यह साबित किया कि चुनाव ईमानदारी के बल पर जीते जा सकते हैं।



अरविंद केजरीवाल ने जनता की अदालत में कहा कि मैंने इस्तीफा इसलिए दिया क्योंकि मैं भ्रष्टाचार करने या मुख्यमंत्री की कुर्सी पर बैठने के लिए राजनीति में नहीं आया हूं। मैंने इस्तीफा इसलिए दिया क्योंकि मैं भ्रष्टाचार के आरोपों से आहत हुआ। मैंने केवल इज्जत कमायी है, पैसा नहीं। उन्होंने कहा कि पिछले 10 वर्ष में केवल प्रेम अर्जित किया है, इसलिए लोग मुझे रहने के लिए अपना घर दे रहे हैं।

केजरीवाल ने कहा कि नवरात्रि शुरू होने पर मुख्यमंत्री आवास छोड़ दूंगा और आपके घरों में आकर रहूंगा। उन्होंने कहा कि मैं यहां आपसे यह पूछने आया हूं कि क्या आपको लगता है कि केजरीवाल चोर है या वे लोग चोर हैं जिन्होंने मुझे जेल भेजा।

# फिर ट्रेन पलटाने की साजिश, रेलवे ट्रैक पर मिला गैस सिलेंडर



**कानपुर:** उत्तर प्रदेश के कानपुर में एक बार फिर ट्रेन को पलटाने की साजिश की गई है। कानपुर के देहात जिले में रेलवे ट्रैक पर एक छोटा गैस सिलेंडर रखा मिला है। यहां से मालगाड़ी गुजरने वाली ही थी कि लोको पायलट ने उससे पहले ही मालगाड़ी को रोक दिया, जिस कारण से एक बड़ा हादसा होने से टल गया। वहीं, सूचना मिलने पर आरपीएफ ने इस मामले की जांच शुरू कर दी है। साथ ही स्थानीय पुलिस को भी इस घटना के बारे में अवगत करवाया गया है। बता दें कि इससे पहले भी कानपुर में कालिंदी एक्सप्रेस को पलटाने की साजिश सामने आई थी। कालिंदी एक्सप्रेस को पलटाने के लिए ट्रैक पर एलपीजी सिलेंडर रखा गया था। इसके अलावा पास में पेट्रोल और बारूद भी बरामद हुआ था। इस मामले की ठक्अ जांच कर रही है। इसके अलावा यूपी एटीएस, पुलिस और जीआरपी भी जांच कर रही है।

## भारत- बांग्लादेश पहला टेस्ट मैच

# भारत ने बांग्लादेश को 280 रनों से हराया, अश्विन ने झटके 6 विकेट

**चेन्नई:** भारत ने पहले टेस्ट मैच के चौथे दिन बांग्लादेश को 280 रन से हराकर दो मैचों की श्रृंखला में 1-0 की बढ़त बना ली। भारत ने बांग्लादेश के सामने जीत के लिए 515 रनों का टारगेट रखा था जिसका पीछा करते हुए बांग्लादेश की पूरी टीम खेल के चौथे दिन लंच से पहले 234 रनों पर ढेर हो गई। भारतीय टीम की जीत के हीरो आर। अश्विन रहे, जिन्होंने दूसरी पारी में 6 विकेट लिये। उन्होंने इस मैच में शतक भी लगाया।

**बांग्लादेश की दूसरी पारी 234 रन पर सिमट गयी:** जीत के लिए 515 रन का पीछा करते हुए बांग्लादेश की दूसरी पारी 234 रन पर सिमट गयी। बांग्लादेश के लिए कप्तान नजमुल हसन शंटो ने सबसे ज्यादा 82 रन का योगदान दिया। भारत के लिए रविचंद्रन अश्विन ने छह जबकि रविंद्र जडेजा ने तीन विकेट चटकाये। बांग्लादेश ने दिन की शुरूआत चार विकेट पर 158 रन से आगे से करते हुए पहले सत्र के अंदर 76 रन जोड़ कर बाकी बचे छह विकेट गंवा दिये।



भारत ने इस मैच की पहली पारी में अश्विन (113) और जडेजा (86) के बीच सातवें विकेट के लिए 199 रन की साझेदारी के दम पर 376 रन बनाने के बाद बांग्लादेश की पहली पारी को 149 रन पर समेट दिया था। भारत ने अपनी दूसरी पारी चार विकेट पर 287 रन बनाकर घोषित की थी। टीम के लिए शुभमन गिल ने नाबाद 119 जबकि टेस्ट में वापसी कर रहे विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत ने 109 रन का योगदान दिया था।

**पंत ने 109 और शुभमन गिल ने नाबाद 119 रन बनाये:** इससे पहले रिषभ पंत और शुभमन गिल ने महीनों की निराशा, आशंका और बैचेनी को शतकों के साथ मिटाते हुए बांग्लादेश के खिलाफ पहले क्रिकेट टेस्ट के तीसरे दिन शनिवार को भारत को मजबूत स्थिति में पहुंचा दिया। भारत के लिए पंत ने 109 और शुभमन गिल ने नाबाद 119 रन बनाये। दोनों ने चौथे विकेट के लिए 167 रन की साझेदारी की, जिसकी बदौलत भारत ने कल के स्कोर तीन विकेट पर 81 रन से आगे खेलते हुए चार विकेट पर 287 रन पर पारी घोषित की। भारत के पास कुल 514 रन की बढ़त हो गयी, जिससे बांग्लादेश को 515 रन का दुरूह लक्ष्य मिला। इससे पहले बांग्लादेश की टीम पहली पारी में दूसरे दिन 149 रन पर आउट हो गयी थी। बांग्लादेश ने दूसरी पारी में चार विकेट पर 158 रन बना लिये थे, जब खराब रोशनी के कारण खेल चार बज कर 25 मिनट पर ही रोकना पड़ा। बांग्लादेश को अभी भी हार को टालने के लिए 357 रन बनाने हैं और पूरे दो दिन का खेल बाकी है। कप्तान नजमुल हुसैन शंटो (51) और शाकिब-अल-हसन (पांच) क्रीज पर हैं। भारत की ओर से अश्विन ने 63 रन देकर तीन विकेट लिये।

### पंत ने जड़ा छठा शतक, धोनी की बराबरी की

**तीसरे** दिन का खेल गिल और पंत के नाम रहा। दोनों युवा बल्लेबाज व्यक्तिगत स्तर पर चुनौतियों से जूझते हुए पारंपरिक क्रिकेट की कसौटी पर खरा उतरे। दिसंबर 2022 में कार हादसे के बाद टेस्ट क्रिकेट में वापसी करने वाले पंत ने छठा टेस्ट शतक सिर्फ 124 गेंद में पूरा किया। उन्होंने किसी भारतीय विकेटकीपर द्वारा सर्वाधिक टेस्ट शतक के अपने ह्यथालाह्ल (गुरु) महेंद्र सिंह धौनी के रिकॉर्ड की भी बराबरी की। पंत ने 109 रन बनाये, जिसमें 13 चौके और चार छक्के शामिल थे।

## न्यूज ब्रीफ



### बेरमो विधायक ने किया योजनाओं का शिलान्यास

**कसमार :** जरीडीह प्रखंड अंतर्गत तांतरी दक्षिणी पंचायत स्थित डी एम एफ डी जिला योजना के द्वारा एस एस इंटरप्राइजेज के प्रोपराइटर अश्विनी कुमार मिश्रा और अनमोल मिश्रा के नेतृत्व में बेरमो विधायक कुमार जय मंगल सिंह ने योजनाओं का शिलान्यास किया । विधायक ने कहा कि क्षेत्र का सर्वांगीण विकास ही उनकी पहली प्राथमिकता होगी । विकास कार्यों की कोई भी अनदेखी नहीं किया जा रहा है । क्षेत्र के विकास के लिए हमेशा काम करते रहेंगे । शिलान्यास कार्यक्रम के अवसर पर मुख्य रूप से विधायक प्रतिनिधि निरंजन मिश्रा , तिलू महतो, अनमोल मिश्रा, अश्विनी मिश्रा, इकबाल अंसारी, इसरार अहमद, अब्दुल रब अख्तर ,कुलदीप कुमार पांडेय, जरीडीह प्रखंड कांग्रेस कमिटी अध्यक्ष सह 20 सूत्री अध्यक्ष अशोक कुमार मंडल, सदस्य मुरली धर साव , तांतरी दक्षिणी पंचायत मुखिया शांति देवी ,विधायक निजी सचिव बिनोद कुमार महतो, राजेश कुमार सिंह सहित ग्रामीण उपस्थित थे।

### झील परिसर में चला विशेष स्वच्छता अभियान



**हजारीबाग:** स्वच्छ भारत मिशन के 10 वर्ष पूरा होने के उपलक्ष्य में स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम के तहत शनिवार को हजारीबाग झील परिसर में विशेष स्वच्छता अभियान चलाया गया। अभियान का शुभारंभ नगर आयुक्त योगेंद्र प्रसाद ने किया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से सद्भावना विकास मंच, श्रीरामचरित सेवा संस्थान के अध्यक्ष संजय सिंह, महिला अध्यक्ष स्वेता सिंह एवं सदस्य महताब आलम, सोहेब अहमद, शिबली अहमद एहसान मनोज कुमार, सुधा कल्याण के सदस्य एवं झील एवं पर्यावरण समिति के सदस्यों की भागीदारी रही। नगर आयुक्त ने शहरवासियों से अनुरोध किया कि शहर को साफ रखने में अपना योगदान दें। कूड़ा यत्र-तंत्र न फेंके और कूड़ेदान का प्रयोग करें। इस दौरान स्वच्छता के प्रति लोगों को जागरूक किया गया। मानव श्रृंखला बनाकर स्वच्छता का संदेश दिया गया। इस अभियान में नगर प्रबंधक राजीव रंजन, फरहत अनिसी, अर्पण इंदवार, लेमांशु कुमार, मो महफुज आलम, कनीय अभियंता रामचंद्र प्रसाद, सुधीर कुमार, अंकित कुमार, आतिश आनंद, साहिल कुमार रवि, तिलकधारी बेदिया ,अविनाश कुमार, अभिषेक सिंह, प्रधान जमादार दीपक कुमार, विधि सहायक अब्दुल राशिद उपस्थित थे।

### खेलो झारखंड बालक वर्ग की कबड्डी प्रतियोगिता आयोजित



**हजारीबाग:** जिला स्कूल मैदान में आयोजित जिला स्तरीय खेलो झारखंड प्रतियोगिता में बालक वर्ग में अंडर 14, अंडर 17, अंडर 19 वर्ग की स्पधाओं का आयोजन किया गया। बालक वर्ग के अंडर 14 में प्रथम स्थान पर डाडी प्रखंड की टीम रही। विष्णुगढ़ की टीम ने द्वितीय स्थान हासिल किया। अंडर 17 में प्रथम स्थान पर इचाक प्रखंड की टीम रही। डाडी प्रखंड की टीम ने द्वितीय स्थान हासिल किया। अंडर 19 में प्रथम स्थान पर डाडी प्रखंड की टीम रही बड़कागांव प्रखंड की टीम ने द्वितीय स्थान हासिल किया। सभी वर्गों में प्रथम एवं द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाली टीमों को मेडल और ट्रॉफी देकर सम्मानित किया गया। जिला शिक्षा पदाधिकारी प्रवीण रंजन ने बताया कि बच्चे जिस प्रकार से प्रखंड स्तर से आकर जिले में अपना बेहतर प्रदर्शन दे रहे हैं उसी प्रकार से राज्य स्तर पर भी खिलाड़ी परचम लहराएं। प्रतियोगिता को सफल बनाने में शारीरिक शिक्षक मधूसूदन कुमार सिंह, सरोज मालाकार, सुनिल यादव, अश्विनी श्रीवास्तव, अनुप मेहता, पवन कुमार, राजन गुरूंग, राहुल कुमार, कुंवर प्रसाद, संजू कुमारी, प्रिया कुमारी, अभिनव, गुप्ता प्रमोद दास, अनीश, विशाल यादव, त्रिवेणी कुमार, गोपाल राम, सागर, सुरेंद्र कुमार, मृत्युंजय वैष्णव,/प्रवींद कुमार सिंह, ओम प्रकाश कुमार, अनुपमा रानी, प्रभू साव, श्रीकांत कुमार, संतोष कुमार गौतम, प्रमोद कुमार मेहता, रामचंद्र राम, कुलेश्वर कुमार, कुलदीप कुमार, विकास कुमार, प्रवीण कुमार पांडेय, दीपक मेहता, अनिरूद्ध राणा ने अहम भूमिका निभाई।

### चौपारण में ट्रक ने स्कूटी सवार को कुचला, मौत

**हजारीबाग:** जीटी रोड स्थित ब्लॉक मोड़ चौपारण पर बीती देर रात ट्रक की चपेट में आने से स्कूटी सवार की मौके पर मौत हो गई। मृतक की पहचान चोरदाहा पंचायत के ग्राम मूर्तिया निवासी जितेंद्र तुरी के रूप में हुई। जानकारी के अनुसार जितेंद्र स्कूटी से अपने नानी घर कर्मा जाने के लिए घर से निकाला था। इस दौरान वह चौपारण बाजार से कुछ खरीद कर एकाएक ब्लॉक मोड़ के पास निकलकर जीटी रोड पर अचानक चढ़ गया। उसी वक्त बरही की तरफ जा रहे ट्रक को देखकर स्कूटी सवार ने ब्रेक लगाया, जिससे स्कूटी एक तरफ और जितेंद्र तुरी ट्रक के टायर के नीचे चला गया। इससे जितेंद्र की कमर बुरी तरह कुचली गई। युवक मुंबई से मां का इलाज कराने आया थाः दुर्घटना की सूचना तुरंत चौपारण पुलिस को दी गई। पुलिस ने तुरंत मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में लेना चाहा, परंतु मौके पर मौजूद ग्रामीणों ने शव को उठने नहीं दिया एवं पुलिस प्रशासन के साथ उलझकर सड़क को जाम कर दिया। मृतक कुछ दिन पूर्व मुंबई से अपने घर मां का इलाज करने के लिए आया था। सडक जाम की सूचना के बाद बीडीओ सीमा कुमारी, थाना प्रभारी दीपक कुमार सिंह, विधायक अकेला यादव, पूर्व विधायक मनोज यादव, जिला परिषद सदस्य रवि शंकर अकेला, अरविंद सिन्हा सहित कई जनप्रतिनिधि दुर्घटना स्थल पर पहुंच गए।

राजनाथ सिंह ने चतरा से की परिवर्तन यात्रा की शुरूआत , बोले-

# गंठबंधन सरकार को सत्ता से हटाने वक्त आ गया है



मेट्रो रेज

**रांची/चतराः** राजनाथ सिंह ने कहा कि राहुल गांधी ने विदेश में भारत की छवि धूमिल करने की कोशिश की और सिखों को उकसाया। उन्होंने साफ तौर पर कहा कि भाजपा झारखंड में आदिवासी महिलाओं से शादी कर रहे घुसपैठियों को बर्दाश्त नहीं करेगी।

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह आज झारखंड में हैं। झारखंड के चतरा में उन्होंने भाजपा के परिवर्तन यात्रा को हरी झंडी दिखाई। इस दौरान रक्षा मंत्री ने कहा कि झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने भारत की स्वस्थ लोकतांत्रिक प्रथाओं के साथ खिलवाड़ किया और भ्रष्टाचार में लिप्त रहे। उन्होंने कहा कि भारत किसी भी दागी व्यक्ति को कभी स्वीकार नहीं करेगा। झारखंड में हेमंत सोरेन को सत्ता से हटाने और भाजपा को सत्ता में लाने का वक्त आ गया है। विपक्ष पर वार करते हुए कहा कि झारखंड के विकास की राह में तीन रोड़े हैं - झामुमो, कांग्रेस और राजद।

राजनाथ सिंह ने कहा कि राहुल गांधी ने विदेश में भारत की छवि धूमिल करने की कोशिश की और सिखों को उकसाया। उन्होंने साफ तौर पर कहा कि भाजपा झारखंड में आदिवासी महिलाओं से शादी कर रहे घुसपैठियों को बर्दाश्त नहीं करेगी। उन्होंने कहा कि झारखंड के लोग मेहनत करने में कभी पीछे नहीं हटते। मैं रक्षा मंत्री हूं और मैं देखता हूं कि हमारे झारखंड के भाई-बहन, हमारे आदिवासी भाई-बहन सुरक्षा बलों में हैं। वे अत्यंत साहस के साथ देश की सेवा कर रहे हैं। झारखंड में विकास की काफी संभावनाएं हैं।

भाजपा नेता ने कहा कि बाबूलाल मरांडी, अर्जुन मुंडा, रघुवर दास राज्य के सीएम रहे, लेकिन उन्हें झारखंड के विकास के लिए पर्याप्त समय नहीं मिला। उन्होंने कहा कि चाहे बाबूलाल मरांडी हों, अर्जुन मुंडा हों या रघुवर दास हों - किसी भी भ्रष्टाचार को लेकर उन पर कोई उंगली नहीं उठा सकता। हमारा कोई भी मुख्यमंत्री भ्रष्टाचार के आरोप में जेल नहीं गया। केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि भाजपा की तैयारियां जोरो पर हैं, प्रधानमंत्री के दौरे से जनता में उत्साह है। उन्होंने कहा कि परिवर्तन यात्रा के साथ-साथ हम चुनाव अभियान की तैयारी भी कर रहे हैं। हम जो कहते हैं वह करते हैं। हम 100 दिन काम जनता के सामने पेश कर रहे हैं।

## रक्षा मंत्री के हेलीकॉप्टर में नहीं भर सका ईंधन, सड़क मार्ग से यूपी के लिए हुए रवाना

**रांचीः** झारखंड में भाजपा की परिवर्तन रैली का आगाज करने गए रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के हेलीकॉप्टर को ईंधन नहीं मिल सका। झारखंड के डीजीपी ने बताया कि रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह झारखंड के गढ़वा के वंशीधर नगर के सड़क मार्ग से यूपी के लिए रवाना हुए।

गढ़वा के एसपी दीपक पांडे ने बताया कि हेलीकॉप्टर के लिए ईंधन ले जाने वाला वाहन हेलीपैड तक नहीं पहुंच सका। इसलिए रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने सड़क मार्ग से वाराणसी जाने का फैसला किया। वाराणसी और गढ़वा के बीच की दूरी लगभग 200 किमी है। प्रदेश भाजपा अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने कहा कि रांची से ईंधन लेकर आ रही गाड़ी किसी समस्या के कारण गढ़वा नहीं पहुंच सकी। बताया गया कि रक्षा मंत्री ने वाराणसी रवाना होने से पहले करीब एक घंटे तक इंतजार किया।

हवाई अड्डे के एक अधिकारी ने कहा कि हेलीकॉप्टर रक्षा मंत्री को रांची से चतरा ले गया था। वहां से रक्षा मंत्री सिंह हेलीकॉप्टर से गढ़वा के बंशीधर नगर में भाजपा की परिवर्तन रैली के लिए रवाना हुए। रक्षा मंत्री ने झारखंड में दो रैलियों को संबोधित किया। एक इटखोरी, चतरा में और दूसरी बंशीधर नगर, गढ़वा में। यह राज्य में भाजपा की तीसरी परिवर्तन यात्रा है। गृह मंत्री अमित शाह ने शुक्रवार को साहिबगंज में यात्रा का शुभारंभ किया था।

झारखंड में इस साल के अंत में विधानसभा चुनाव होने वाला है। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने इटखोरी में भाजपा की परिवर्तन रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस दौरान उन्होंने झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को सबसे भ्रष्ट सीएम बताया था। उन्होंने कहा था कि हेमंत सोरेन ने केवल भारत की स्वस्थ्य लोकतांत्रिक प्रथाओं के साथ खिलवाड़ किया है। राजनाथ सिंह ने जोर देकर कहा कि अब हेमंत सोरेन को सत्ता से बाहर कर भाजपा को वोट देकर सत्ता में लाने का समय आ चुका है। उन्होंने कांग्रेस सांसद और लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी पर भी निशाना साधा था। केंद्रीय मंत्री ने राहुल गांधी पर विदेशों में जाकर भारत की छवि को खराब करने और सिख समुदाय को भड़काने का आरोप लगाया है।

# झारखंड को समृद्ध राज्य बनाने के लिए झामुमो सरकार को उखाड़ फेंकेंः सम्राट चौधरी

मेट्रो रेज

**गिरिडीह (झारखंड) :** बिहार के उपमुख्यमंत्री एवं भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नेता सम्राट चौधरी ने शनिवार को झारखंड के लोगों से अपील की कि वे राज्य के विकास और समृद्धि के लिए मौजूदा झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) नीत सरकार को उखाड़ फेंकें। भाजपा की ह्यपरिवर्तन यात्राह्व के तहत गिरिडीह में आयोजित एक जनसभा को संबोधित करते हुए चौधरी ने आरोप लगाया कि झारखंड की हेमंत सोरेन सरकार ने 2019 के



चुनाव में किए गए वादों को पूरा नहीं किया है।

उन्होंने कहा, राज्य में परिवर्तन यात्रा तब तक जारी रहेगी जब तक कि झामुमो नीत गठबंधन सरकार को सत्ता से बाहर नहीं कर दिया जाता। झामुमो, कांग्रेस और राष्ट्रीय जनता दल (राजद) भ्रष्टाचार में लिप्त हैं तथा उन्होंने झारखंड को लूटा है। भाजपा की इस राज्यव्यापी यात्रा की शुरूआत शुक्रवार को केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शुक्रवार को साहेबगंज जिले से की थी। चौधरी ने कहा, ह्यह्यआगामी विधानसभा चुनाव में प्रत्येक मत सतर्क होकर दीजिए और सुनिश्चित कीजिए कि भाजपा सरकार बने। झारखंड को विकसित और समृद्ध राज्य बनाने के लिए झामुमो नीत सरकार को उखाड़ फेंकें।

चौधरी ने कहा कि अयोध्या में राम मंदिर की तर्ज पर बिहार के सीतामढ़ी जिले में माता सीता का भव्य मंदिर बनाया जाएगा। विधानसभा चुनाव के मद्देनजर राज्य की मुख्य विपक्षी पार्टी भाजपा जनता तक पहुंचने और झामुमो नीत सरकार की नाकामियों को उजागर करने के लिए छह परिवर्तन यात्रा निकालेगी। यह यात्रा राज्य के 24 जिलों के सभी 81 विधानसभा क्षेत्रों से होते हुए 5,400 किलोमीटर का सफर तय कर दो अक्टूबर को संपन्न होगी। कई राज्यों के मुख्यमंत्रियों सहित भाजपा के करीब 50 राष्ट्रीय और राज्य स्तर के नेता इस तरह की रैलियों में शामिल होंगे।



### सुप्रियो ने रिसालदार बाबा के मजार पर की चादरपोशी

**रांचीः** झारखंड मुक्ति मोर्चा के केंद्रीय महासचिव सह प्रवक्ता सुप्रियो भट्टाचार्य ने रिसालदार शाह बाबा के मजार पर चादरपोशी की। इस दौरान उन्होंने राज्य की उन्नति व अमन चैन के लिए दुआ किया। दोपहर बाद सुप्रियो भट्टाचार्य हजरत कुतुबुद्दीन रिसालदार शाह बाबा के मजार पहुंचे। दरगाह कमेटी ने सुप्रियो भट्टाचार्य का स्वागत पगड़ी व फूल माला पहनाकर किया। इस मौके पर रांची जिला अल्पसंख्यक सेल के अध्यक्ष फरीद खान, दरगाह कमेटी के अध्यक्ष अयुब गद्दी, महासचिव जावेद अनवर, मो रिजवान, बेलाल अहमद, जुल्फिकार अली, बबलू पंडित सहित कई गणमान्य लोग मौजूद थे।

## 11 आईएएस का तबादला, कई जिलों के एसडीओ भी बदले

**रांचीः** झारखंड सरकार ने भारतीय प्रशासनिक सेवा के 11 पदाधिकारी का स्थानांतरण पदस्थापन किया है। कार्मिक विभाग ने इस संबंध में अधिसूचना जारी कर दिया है। अनुमंडल पदाधिकारी मधुपुर देवघर आशीष अग्रवाल को स्थानांतरित करते हुए अगले आदेश तक परियोजना निदेशक समेकित जनजातीय विकास अभिकरण सरायकेला खरसावां के पद पर नियुक्त एवं पदस्थापित किया गया है। अनुमंडल पदाधिकारी खूंटी अनिकेत सचान को अगले आदेश तक अपर जिला दंडाधिकारी विधि-व्यवस्था पूर्वी सिंहभूम जमशेदपुर के पद पर नियुक्त एवं पदस्थापित किया गया है।

अनुमंडल पदाधिकारी हुसैनाबाद पीयूष सिन्हा को स्थानांतरित करते हुए अपर जिला दंडाधिकारी विधि-व्यवस्था धनबाद के पद पर नियुक्त एवं पद स्थापित किया गया है। अनुमंडल पदाधिकारी चक्रधरपुर रीना हंसदा को स्थानांतरित करते हुए परियोजना निदेशक समेकित जनजातीय विकास अभिकरण गुमला के पद पर नियुक्त एवं पद स्थापित किया गया है। अवर सचिव वित्त विभाग शताब्दी मजूमदार को स्थानांतरित करते हुए अनुमंडल पदाधिकारी धालभूम के पद पर नियुक्त किया गया है। प्रतीक्षारत श्रुति राज लक्ष्मी को अगले आदेश तक अनुमंडल पदाधिकारी चक्रधरपुर के पद पर नियुक्त किया गया है। प्रतीक्षारत रवि कुमार को अगले आदेश तक अनुमंडल पदाधिकारी देवघर के पद पर नियुक्त एवं पदस्थापित किया गया है। प्रतीक्षारत दीपेश कुमारी को अगले आदेश तक अनुमंडल पदाधिकारी खूंटी के पद पर नियुक्त किया गया है। प्रतीक्षारत कृष्णकांत कांवरिया को अगले आदेश तक हुसैनाबाद का अनुमंडल पदाधिकारी बनाया गया है। सुलोचना मीणा को अगले आदेश तक अनुमंडल पदाधिकारी मेदिनी नगर सदर के पद पर नियुक्ति एवं पदस्थापित किया गया है। प्रतीक्षारत प्रांजल ढाडा को अगले आदेश तक अनुमंडल पदाधिकारी जगन्नाथपुर के पद पर नियुक्त एवं पदस्थापित किया गया है।

# चैंबर ऑफ कॉमर्स की 60वीं वार्षिक आमसभा में लिये गये कई निर्णय, नयी कार्यकारिणी के लिए वोटिंग आज

**रांची :** फेडरेशन ऑफ झारखंड चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के पदाधिकारियों के चुनाव के लिए रविवार को गुरुनानक स्कूल में सुबह 9 बजे से संध्या 5 बजे तक मतदान होगा। वोटिंग के बाद मतों की गिनती और परिणामों की घोषणा होगी। इससे पूर्व आज शनिवार को झारखंड चैंबर की 60वीं वार्षिक आमसभा अध्यक्ष किशोर मंत्री की अध्यक्षता में चैंबर भवन में 150 सदस्यों की उपस्थिति में हुई। आमसभा में देवघर, जामताडा, गिरिडीह, रामगढ, पाकुड, साहेबगंज चेंबर ऑफ कॉमर्स, सम्बद्ध संस्थाओं के पदाधिकारियों समेत जिले के व्यवसायी-उद्यमी एवं प्रोफेशनल्स शामिल हुए।

**मेसर्स जेएन अग्रवाल एंड कंपनी पुनः एक वर्ष के लिए चैंबर ऑडिटर नियुक्त :** आमसभा में महासचिव परेश गट्टानी ने चैंबर के इस सत्र की वार्षिक गतिविधियों को सभा के समक्ष पेश किया, जिसे सदस्यों ने सर्वसम्मति से अनुमोदित किया। कोषाध्यक्ष ज्योति कुमारी ने चैंबर के सत्र 2023-24 की बैलेंस शीट और आय-व्यय की रिपोर्ट पेश किया। जिसे सदस्यों ने ध्वनिमत से पारित किया।आमसभा द्वारा सर्वसम्मति से चैंबर के ऑडिटर की नियुक्ति की गयी। मेसर्स जेएन अग्रवाल एंड कंपनी को पुनः एक वर्ष के लिए चैंबर का ऑडिटर नियुक्त किया गया। आमसभा में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल रक्षा राज्यमंत्री संजय सेठ, विशिष्ट अतिथि राज्यसभा सांसद महुआ माजी ने चैंबर अध्यक्ष के दो वर्षों के कार्यकाल की प्रशंसा की और चैंबर के सभी सुझावों पर वर्षभर सहयोग का भरोसा दिया।

**हमने सरकार व ब्यूरोक्रेट्स के बीच फेडरेशन के प्रति सकारात्मक मोमेंटम बनाया :** मंत्री चैंबर अध्यक्ष किशोर मंत्री ने कहा कि अपने दो वर्षों के कार्यकाल में हमने सरकार व ब्यूरोक्रेट्स के बीच फेडरेशन के प्रति एक सकारात्मक मोमेंटम बनाया है। जिसके सार्थक परिणाम आये हैं, करीब एक वर्ष से कृषि उपज विधेयक पारित होने के बाद भी अब तक इस गजट का प्रभावी नहीं होना, हमारे इन्हीं प्रयासों का प्रतिफल है। वर्तमान सत्र में स्टार्टअप कॉन्कलेव के वृहद् आयोजन के माध्यम से हमने राज्य में स्टार्टअप इकोसिस्टम को प्रभावी बनाने तथा राज्य में होर्टिकल्चर, फ्लोरिकल्चर को प्रोत्साहन देने की दिशा में सफल कोशिश की है। न्यूनतम मजदूरी की दरों को तर्कसंगत बनाने के लिए विभाग द्वारा कमेटी का गठन कराकर निरंतर बैठकें रही हैं। नीति निर्माण निर्णयों में स्टेकहोल्डर्स की सहभागिता हो, यह सुनिश्चित कराने का भरपूर प्रयास किया है,

**व्यापार उद्योग की समस्याओं के त्वरित समाधान के लिए राज्य में आयोग का गठन होः** किशोर मंत्री ने कहा, हमारे निरंतर प्रयासों से झारखंड में भवन नियमितीकरण योजना जल्द ही प्रभावी की जायेगी। खासमहल भूमि को फ्रीहोल्ड करने, अभ्रक व आयरन-ओर की खदानों को शुरू करने, विद्युत व्यवस्था का निजीकरण करने तथा स्थानीय स्तर पर रोजगार सृजन के उद्देश्य से ट्राइबल बिजनेस डेवलपमेंट एवं एमएसएमई ट्राइबल वूमन एंटरप्रिन्योर को बढ़ावा देने तथा व्यापार उद्योग की समस्याओं के त्वरित समाधान के लिये राज्य में आयोग का गठन हो, इसके लिए सरकार से सकारात्मक वार्ता जारी है। चैंबर भवन के सौंदर्यीकरण, काली मंदिर चौक का नवीनीकरण का कार्य प्रगति पर है, सरकार के स्तर से होनेवाले कुछ कार्य पाइपलाइन में हैं। उन्होंने वर्षभर चैंबर को सहयोग करने के लिए मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन, राज्यसभा सांसद महुआ माजी, वित्त मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव, विभागीय सचिव, समस्त कैबिनेट मंत्रिमंडल, जिला प्रशासन को धन्यवाद दिया।

# झारखंड हाईकोर्ट के नये चीफ जस्टिस बने एमएस रामचंद्र राव, अधिसूचना जारी

**रांचीः** झारखंड हाई कोर्ट का नया चीफ जस्टिस एमएस रामचंद्र राव को बनाया गया है। हिमाचल प्रदेश हाई कोर्ट के चीफ जस्टिस एमए राव का तबादला झारखंड हाई कोर्ट किया गया है। इसे लेकर कानून एवं न्याय मंत्रालय की ओर से अधिसूचना जारी कर दी गई है।

पूर्व में सुप्रीम कोर्ट की कोलेजियम ने उनका तबादला झारखंड हाई कोर्ट के चीफ जस्टिस के रूप में करने की सिफारिश केंद्र सरकार से की थी। जिस पर केंद्र सरकार ने अपनी स्वीकृति प्रदान कर दी है।

कैम्ब्रिज यूनिवर्सिटी से प्राप्त की है एलएलएम की डिग्रीः जस्टिस एमएस रामचंद्र राव का जन्म सात अगस्त 1966 को हैदराबाद में हुआ था। उन्होंने भवांस न्यू साइंस कॉलेज, उस्मानिया विश्वविद्यालय से बीएससी (आनर्स) (गणित) में पढ़ाई की। जहां वे अपने पाठ्यक्रम में विश्वविद्यालय में प्रथम स्थान पर है। इसके बाद उन्होंने 1989 में उस्मानिया विश्वविद्यालय के विधि महाविद्यालय से एलएलबी की परीक्षा उत्तीर्ण की और अंतिम वर्ष में सर्वोच्च अंक प्राप्त करने के लिए उन्हें गोल्ड मेडल से सम्मानित किया गया।

सात सितंबर 1989 को उन्होंने अधिवक्ता के रूप में नामांकन किया और 1991 में यूनिवर्सिटी ऑफ कैम्ब्रिज, यूके से एलएलएम प्राप्त किया। सुप्रीम कोर्ट में जज रह चुके हैं पिताः जस्टिस राव के पिता जस्टिस एम जगन्नाध राव 1997-2000 के बीच सर्वोच्च न्यायालय के न्यायाधीश रहे और भारतीय विधि आयोग के अध्यक्ष भी रहे। उनके दादा एमएस रामचंद्र राव भी 1960-1961 के बीच आंध्र प्रदेश उच्च न्यायालय के न्यायाधीश थे।



# प्रतियोगी परीक्षा के कारण मोबाइल इंटरनेट आज भी रहा बंद

## पहले दिन शांतिपूर्ण आयोजन, दो गिरफ्तार

**मेट्रो रेज**

**रांची/धनबाद :** झारखंड कर्मचारी चयन आयोग द्वारा आयोजित प्रतियोगी परीक्षा शनिवार को पूरे राज्य में शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुई। हालांकि, धनबाद में परीक्षा के दौरान चोरी में शामिल होने के शक में पुलिस ने दो लोगों हिरासत में लिया। दोनों लोगों में से एक बिहार के जहानाबाद जिले का और दूसरा झारखंड के गोमिया का रहने वाला है।

धनबाद के पुलिस अधीक्षक (एसपी) हृदीप पी जनार्दन ने कहा कि दोनों लोगों को झरिया के एक होटल से हिरासत में लिया गया है। उन्होंने संवाददाताओं से कहा, 'उनके पास से तीन मोबाइल, तीन एटीएम कार्ड, एक खाली चेक और उनके नाम और रोल नंबर के साथ 21 परीक्षार्थियों की एक सूची बरामद की गई। यह पता लगाने के लिए पूछताछ चल रही है कि क्या वे किसी कदाचार में शामिल सिंडिकेट का हिस्सा हैं।'




निष्पक्ष परीक्षा सुनिश्चित करने के लिए, राज्य सरकार ने झारखंड सामान्य स्नातक स्तरीय संयुक्त प्रतियोगी परीक्षा (जेजीजीएलसीसीई) के दौरान सुबह 8 से दोपहर 1 ।30 बजे तक मोबाइल इंटरनेट सेवाओं को निलंबित कर दिया। अगले दौर की परीक्षा आज यानी रविवार को होगी। इस दौरान भी मोबाइल इंटरनेट सेवाएं निलंबित रहेंगी। सरकारी आदेश के अनुसार, इस अवधि के दौरान निश्चित टेलीफोन लाइनों पर आधारित वॉयस कॉल और ब्रॉडबैंड कनेक्टिविटी चालू रहेगी।


जेएसएससी के अध्यक्ष प्रशांत कुमार ने दावा किया कि राज्य भर में परीक्षा शांतिपूर्वक संपन्न हुई। उन्होंने कहा, 'राज्य के किसी भी हिस्से से कोई अप्रिय घटना की सूचना नहीं मिली और उत्तर पुस्तिकाएं सुरक्षित रूप से स्ट्रांग रूम में पहुंच गईं। कुल मिलाकर परीक्षा सुचारू रही।'

जेएसएससी सचिव सुधीर गुप्ता ने कहा कि परीक्षा राज्य के 823 केंद्रों पर आयोजित की गई थी। लगभग 6 ।40 लाख उम्मीदवारों ने शनिवार और रविवार को परीक्षा में शामिल होने के लिए अपना पंजीकरण कराया था। उन्होंने बताया, 'शनिवार को परीक्षा में शामिल होने के लिए नामांकन करने वाले 3 ।23 लाख उम्मीदवारों में से लगभग 40 फीसदी ने परीक्षा दी। रविवार को लगभग 3 ।17 लाख उम्मीदवारों के परीक्षा देने की उम्मीद है।'

झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने एक्स पर पोस्ट में कहा, 'मैंने रविवार की परीक्षा को लेकर भी सख्त निर्देश दिए हैं। किसी भी कीमत पर झारखंड के युवाओं की मेहनत के साथ कोई छेड़छाड़ बर्दाश्त नहीं की जाएगी।'

वहीं, इंटरनेट निलंबन को लेकर भाजपा ने झारखंड सरकार पर निशाना साधा। केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने इंटरनेट निलंबन को हेमंत सोरेन सरकार द्वारा लगाया गया 'आपातकाल' करार दिया। चतरा के इटखोरी में भाजपा की एक रैली में चौहान ने कहा, 'झामुमो के नेतृत्व वाली सरकार ने इंटरनेट सेवाओं को निलंबित करके झारखंड में आपातकाल लागू कर दिया है।'

## न्यूज ब्रीफ




### झारखंड विधानसभा चुनाव : 10 अक्टूबर से पहले भाजपा जारी करेगी उम्मीदवारों की पहली सूची!

**रांची:** झारखंड विधानसभा चुनाव के लिए भारतीय जनता पार्टी अपनी पहली सूची 10 अक्टूबर से पहले जारी कर देगी। इसी दौरान चुनाव समिति की बैठक भी होगी। केंद्रीय कृषि मंत्री और झारखंड भाजपा के चुनाव प्रभारी शिवराज सिंह चौहान ने शनिवार को दैनिक जागरण से ये बातें कहीं। केंद्रीय मंत्रिमंडल के अगले विस्तार में झारखंड से कुर्मी समुदाय के किसी चेहरे को प्रतिनिधित्व मिलेगा। शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि कुर्मी समुदाय भाजपा का पारंपरिक वोटर रहा है। सितंबर के आखिरी सप्ताह में भाजपा अपने चुनाव घोषणा पत्र, जिसे संकल्प पत्र कहा जाता है; वह जारी कर देगी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की जमशेदपुर में हुई सभा और साहिबगंज व गिरिडीह में केंद्रीय गृहमंत्री की जमसभा में आई जनता की भीड़ को उन्होंने राज्य में सत्ता परिवर्तन का संकेत बताया। शिवराज ने कहा कि विधानसभा चुनाव में राज्य में भाजपा सरकार बनाने के लिए सभी कार्यकर्ता लगे हुए हैं और यहां सरकार बननी तय है।

### तत्काल शुरू करें ब्रॉडबैंड और फाइबर लाइन की इंटरनेट सेवा : हाईकोर्ट




**रांची:** झारखंड हाईकोर्ट ने राज्य में तत्काल इंटरनेट की ब्रॉडबैंड और फाइबर लाइन सेवा बहाल करने का निर्देश राज्य सरकार को दिया है। रविवार को हाईकोर्ट ने पूरे राज्य में इंटरनेंट सेवा बंद किए जाने पर संज्ञान लेते हुए मामले की सुनवाई की। रविवार को जस्टिस आनंद सेन और जस्टिस अनुभा रावत चौधरी की बेंच ने सरकार को यह निर्देश दिया कि 20 सितंबर को जो इंटरनेट सेवा जारी थी, उसे तत्काल बहाल किया जाए। इसके साथ ही अदालत ने सरकार को छह सप्ताह में इंटरनेट बंद किए जाने के लिए तैयार की गई एसओपी पेश करने का निर्देश दिया है। इस मामले में स्टेट बार काउंसिल के अध्यक्ष राजेंद्र कृष्ण ने बहस की, वहीं राज्य सरकार की ओर से अपर महाधिवक्ता सचिन कुमार और अधिवक्ता पीयूष चित्रेश ने बहस की।

### मॉल ऑफ रांची स्थित लॉर्ड ऑफ एंड ड्रिंक्स में पुलिस का छापा

**रांची:** सुखदेवनगर थाना क्षेत्र के रातू रोड चौक के पास स्थित मॉल ऑफ रांची में पुलिस ने छापेमारी की है। रांची पुलिस की टीम ने शनिवार की देर रात कार्रवाई करते हुए मॉल के तीसरे फ्लोर पर स्थित लॉर्ड ऑफ एंड ड्रिंक्स में छापेमारी की। इस दौरान पुलिस ने लॉर्ड ऑफ द ड्रिंक्स के मैनेजर को हिरासत में लिया है। पुलिस को पिछले कई दिनों से सूचना मिल रही थी कि लॉर्ड एंड ड्रिंक्स में रात के एक बजे तक डीजे बज रहा है और नाच गान का कार्यक्रम हो रहा है। जिसके बाद पुलिस की टीम ने मौके पर पहुंचकर वहां छापेमारी की। गौरतलब है कि झारखंड हाईकोर्ट ने राज्य सरकार को फटकार लगाते हुए कहा था कि रात 12 बजे के बाद कोई भी बार या रेस्टोरेंट खुला नहीं होना चाहिए। इसके बाद भी देर रात डीजी बज रहा और बार खुला हुआ था।

## भाजपा की परिवर्तन यात्रा से डरी सरकारः बाबूलाल मरांडी

**मेट्रो रेज**

**रांची:** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने गढ़वा में परिवर्तन रथ पर सवार होकर फिर राज्य सरकार पर निशाना साधा। मरांडी ने कहा कि हेमंत सरकार के दिन गिनती के बचे हैं। यह सरकार डरी सहमी और बौखलाहट में है। उन्होंने कहा कि परीक्षा में कदाचार रोकने के बहाने हेमंत सरकार ने राज्यभर में इंटरनेट बंद करा दिया है। कहा कि सच्चाई है कि यह सरकार परिवर्तन यात्रा की शुरूआत से ही डर गई। अभी तो पूरी यात्रा बाकी है। सोशल मीडिया में यात्रा के व्यापक प्रचार को देखते हुए मुख्यमंत्री ने इंटरनेट ही बंद करा दिया। कहा कि हेमंत सोरेन जी आज कल लोगों का दैनिक जीवन इंटरनेट पर आश्रित हो गया है। लेनदेन, यात्रा, व्यापार सभी के लिए इंटरनेट आवश्यक है।



मरांडी ने कहा कि युवा पीढ़ी तो पूरी तरह इंटरनेट पर आश्रित है। ऐसे में यदि प्रचार प्रसार से भयभीत हैं तो भी आप युवाओं को परेशान मत कीजिए। कहा कि ऐसे भी 20 दिनों में यह सरकार कुछ करने की स्थिति में नहीं है। 5 साल तक ये परीक्षा रद्द करते रहे। कई बार विज्ञापन निकाले। अभी विदाई की बेला में परीक्षा लेने का नाटक कर रहे हैं। कहा कि आज जनता बेहाल है। मंत्री मालामाल हैं। इस राज्य सरकार ने सबको लूटा। बालू, पत्थर जमीन कोयला सब लूटा। कहा कि भाजपा झारखंड के सर्वांगीण विकास के लिए परिवर्तन का आह्वान करने निकली है। कहा कि डबल इंजन की सरकार बनते ही सभी खाली पद भरे जायेंगे। समय पर परीक्षाएं होंगी। सभी के कैलेंडर जारी होंगे। कहा कि हेमंत सरकार परिवार और पैसे के लिए सरकार है। उन्होंने आगामी विधानसभा चुनाव में कमल खिलाने का आह्वान किया।

### सिपाही से चेन की छिनतई

**रांची:** झारखंड पुलिस मुख्यालय के सामने सिपाही से चेन छीनकर अपराधी फरार हो गया। यह घटना पुलिस मुख्यालय में स्थित डीजीपी कंट्रोल रूम में प्रतिनियुक्त आरक्षी विजय प्रकाश तिवारी के साथ हुई है। बाइक सवार अपराधी उनके गले से सोने की चेन छीनकर फरार हो गए। यह घटना शुक्रवार देर शाम की बताई गई है।

## रांची विवि के पीजी कॉमर्स में 500 सीटों के लिए आये मात्र 210 आवेदन

**रांची:** रांची विवि में पीजी के 30 विभागों में नामांकन की प्रक्रिया जारी है। कॉलेजों में पीजी की पढ़ाई होने के कारण इन विभागों में विद्यार्थियों की संख्या पिछले दो साल में घट गयी है। इसमें सबसे खराब स्थिति पीजी कॉमर्स की है। जहां कभी 500 सीटों के लिए 2000 विद्यार्थी आवेदन करते थे, वहां इस सत्र में मात्र 210 विद्यार्थियों ने आवेदन दिया है। आवेदन की अंतिम तारीख बढ़ाकर 27 सितंबर कर दी गयी है। बाकी विषयों में भी कम आवेदनयह हाल केवल पीजी कॉमर्स का ही नहीं है, बल्कि लगभग सभी ऐसे विषयों का है जिनकी कभी डिमांड रहती थी और नामांकन के लिए विद्यार्थी परेशान रहते थे। इसमें इस वर्ष इंग्लिश में 278, पोलिटिकल साइंस में 165, हिंदी में 123, हिस्ट्री में 128, फिजिक्स में 98, मैथ्स में 140, बॉटनी में 70, ज्योग्राफी में 191, जूलॉजी में 211 और संस्कृत में मात्र 12 आवेदन आये हैं। वहीं जनजातीय एवं क्षेत्रीय भाषा विभाग की बात करें तो इस वर्ष खोरठा में नौ, संताली में नौ, मुंडारी में भी नौ, हो, खड़िया व कुरमाली में एक-एक आवेदन आये हैं। वहीं अधिकतर विभागों में 100 से अधिक सीटों पर नामांकन होता है। कॉलेजों में पीजी शुरू होने से पड़ा है असररांची विवि के कई कॉलेजों में पीजी की पढ़ाई शुरू होने का असर विवि के पीजी विभागों में पड़ा है। ग्रामीण क्षेत्र के विद्यार्थी पहले मोरहाबादी स्थित पीजी विभागों में नामांकन के लिए आते थे। लेकिन अब उनके क्षेत्र में पीजी की पढ़ाई होने से वह यहां नहीं आते। डीएसडब्ल्यू डॉ सुदेश साहू का कहना है कि कॉलेजों में पीजी की पढ़ाई का असर दिख रहा है।




# हेमंत सरकार की मंईयां सम्मान यात्रा कल से

### 25 हजार आमसभाएं, मंत्री बेबी देवी व विधायक कल्पना सोरेन करेंगी नेतृत्व, गढ़वा जिले के बंशीधर नगर से आरंभ होगी सम्मान यात्रा

**रांची :** 23 सितंबर से हेमंत सरकार मंईयां सम्मान यात्रा शुरू करेगी। गढ़वा जिले के बंशीधर नगर से सम्मान यात्रा आरंभ होगी। पूरे राज्य में 25 हजार आमसभाएं, 7500 सभाएं व 1500 जगहों पर स्वागत समारोह होगा। पहले चरण में मंत्री बेबी देवी व विधायक कल्पना सोरेन के नेतृत्व में पलामू प्रमंडल के गढ़वा, मेदिनीनगर व लातेहार जिले से कार्यक्रम की शुरूआत होगी। इस अवसर पर स्थानीय मंत्री, विधायक व स्थानीय जनप्रतिनिधि भी शामिल होंगे।

**कल गढ़वा के बंशीधर नगर में होंगी आम सभा:** 23 सितंबर को दिन के 11.45 बजे बंशीधर नगर में आम सभा व रमना और मेराल में सभा होगी। गढ़वा में शाम 7.30 बजे रात्रि चौपाल का आयोजन किया गया है। 24 सितंबर को गढ़वा, मझिआंव, हैदरनगर, हुसैनाबाद, छतरपुर, नावानगर व पाटन में सभा व स्वागत समारोह का आयोजन किया गया है। रात 7.45 बजे दलित छात्रावास में रात्रि चौपाल का आयोजन किया गया है।





**25 सितंबर को पलामू के मेदनीनगर में आमसभा:** 25 सितंबर को मेदिनीनगर में दिन के 10.30 बजे आम सभा व प्रेस कांफ्रेंस का आयोजन किया गया है। फिर सतबरवा, बकोरिया,मनिका, लातेहार, चंदवा, बालूमाथ, हेरहंज व पांकी में आम सभा व सभा का आयोजन किया गया है। इसके बाद अन्य प्रमंडलों में भी इसी प्रकार कार्यक्रम होंगे। इसकी तिथि की घोषणा बाद में की जायेगी।

**झामुमो कार्यकर्ता मंईयां सम्मान यात्रा में बढ़चढ़ कर हिस्सा लें : विनोद पांडेय**

इधर, झामुमो के महासचिव विनोद पांडेय ने बताया कि पार्टी की ओर से सरकार के इस कार्यक्रम में झामुमो कार्यकताओं को भी बढ़चढ़ कर हिस्सा लेने का निर्देश दिया गया है। कार्यकर्ता महिलाओं व युवतियों को योजना का फॉर्म भरने में मदद करेंगे, ताकि कोई योग्य लाभार्थी योजना से वंचित न रह जाये।

**तीन प्रमंडलों के प्रतिनिधियों के साथ झामुमो की होगी समीक्षा बैठक:** विनोद पांडेय ने बताया कि 23 सितंबर को दक्षिणी छोटानागपुर, 27 सितंबर को उत्तरी छोटानागपुर व 28 सितंबर को संताल परगना प्रमंडल के झामुमो जिला प्रतिनिधियों के साथ रांची के सोहराय भवन में समीक्षा बैठक होगी। प्रतिनिधियों को विधानसभा चुनाव व संगठन के संबंध में जानकारी दी जायेगी। उन्होंने कहा कि प्रमंडल की बैठक में सीएम हेमंत सोरेन भी शामिल हो सकते हैं।




## धूमधाम से मना श्री सर्वेश्वरी समूह का 64वां स्थापना दिवस, निकाली गयी प्रभात फेरी

**रांची :** श्री सर्वेश्वरी समूह का 64वां स्थापना दिवस धूमधाम से शनिवार को रांची शाखा में मनाया गया। कार्यक्रम की शुरूआत प्रातः 5.30 बजे समूह संस्थापक परम पूज्य अघोरेश्वर महाप्रभु के तैल चित्र के नगर भ्रमण प्रभात फेरी से हुई। इसमें समूह के सदस्य लगभग एक सौ छोटे-बड़े वाहनों में शामिल हुए। सभी आश्रम परिसर से विश्वनाथ शाहदेव चौक, धुर्वा तक गये। इस क्रम में श्रद्धालुओं ने अघोर पथ स्थित आश्रम परिसर में गुरु पूजन एवं ध्वज पूजन के साथ सफल योनि सद्ग्रन्थ का पाठ संपन्न किया।

इस पुनीत दिवस के महात्म्य पर आश्रम सभागार में एक विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया, जिसकी अध्यक्षता शाखा प्रयागराज से पधारे परम पूज्य के विशेष प्रतिनिधि हरीश कुमार तिवारी ने की इस अवसर पर सभाध्यक्ष ने समूह के स्थापना के उद्देश्य पर प्रकाश डाला। साथ ही उन्होंने आश्रम परिसर की पवित्रता एवं वातावरण की विशेषता बतलाई।

यह समूह नयी पीढ़ी के हाथों में और निखरेगाः कर्नल रामचंद्र नाथ शाहदेव जी ने कहा कि परमपूज्य एवं पुराने सदस्यों के अथक परिश्रम से श्री सर्वेश्वरी समूह ने अपनी आरंभिक कठिनाइयों को ठीक उसी प्रकार से पार कर लिया है, जिस प्रकार से पहाड़ के चट्टानों को काटती हुई नदी अंततः मैदानों में उतर आती है। कहा कि अब यह समूह नयी पीढ़ी के हाथों में और निखरेगा। किरण द्विवेदी जी ने माता पिता के प्रति बच्चों के कर्तव्य पर प्रकाश डाला। नयन मंजरी जी ने कहा कि गुरु हमें अज्ञान से प्रकाश की ओर ले जाते हैं। सौरभ राज जी ने कहा कि जिनपर गुरु कृपा हो जाती है वो असंभव कार्य भी आसानी से कर पाते हैं।

झारखण्ड सरकार कार्यपालक अभियंता का कार्यालय,
पथ निर्माण विभाग, पथ प्रमंडल, लोहरदगा।
अति–अल्पकालीन ई–प्रोक्योरमेन्ट सूचना
नेशनल कम्पेटेटिभ बिडिंग
(1st Call) गैर–योजना मद
ई–टेण्डर रेफ्रेंस नं. : प.नि.वि./लोहरदगा–621/2024–25दिनांक : 20.09.2024

| | | |
|---|---|---|
| 1. | कार्य का नाम | Construction of Footpath and Paving of Paver Blocks including Beautification Work in the Periphery of New Collectorate Building in Kutchary More to Lohardaga Railway Station Road and Circuit House to B.S. College Road. |
| 2. | प्राक्कलित राशि (रू. लाख में) | रू. 60.00 लाख। |
| 3. | अग्रधन की राशि (रू. लाख में) | रू. 1.20 लाख। |
| 4. | कार्य पूर्ण करने की अवधि | 03 माह। |
| 5. | वेबसाईट में निविदा प्रकाशन की तिथि एवं समय | 01.10.2024 (पूर्वाह्न 10:30 बजे) |
| 6. | वेबसाईट में निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय | 05.10.2024 (अपराह्न 12:30 बजे) |
| 7. | वेबसाईट में निविदा खोलने की तिथि | 07.10.2024 (अपराह्न 03:00 बजे) |
| 8. | निविदा प्रकाशित करने वाले कार्यालय का नाम एवं पता | कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, पथ निर्माण विभाग, पथ प्रमण्डल, लोहरदगा। |
| 9. | प्रोक्योरमेंट पदाधिकारी का सम्पर्क संख्या | 7541078156 |
| 10. | ई–प्रोक्योरमेंट सेल का हेल्पलाईन संख्या | 0651–2403007 |

1. प्राक्कलित एवं अग्रधन की राशि घट–बढ़ सकती है जिसे Tender Online Upload में देखा जा सकता है।
2. किसी भी प्रकार का बदलाव/नियम एवं शर्तें http://jharkhandtenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता
PR 336575 Lohardaga(24-25)D पथ निर्माण विभाग,पथ प्रमंडल, लोहरदगा।

उपायुक्त का कार्यालय, हजारीबाग
(जिला नजारत शाखा)
अति अल्पकालीन निविदा
इच्छुक फर्मों/एजेन्सियों से निविदा का आमंत्रण

प्रबंधकीय समिति, जिला खनिज फाउण्डेशन ट्रस्ट, हजारीबाग में लिए गए निर्णय के आलोक में शेख भिखारी मेडिकल कॉलेज अस्पताल, हजारीबाग में PSA Plant -01 & 02 को चालू अवस्था में लाने हेतु One time Repair का कार्य DMFT मद अन्तर्गत किया जाना है।

उपायुक्त–सह–अध्यक्ष, जिला खनिज फाउण्डेशन ट्रस्ट, हजारीबाग के आदेश के आलोक में शेख भिखारी मेडिकल कॉलेज अस्पताल, हजारीबाग में PSA Plant –01 एवं 02 को चालू अवस्था में लाने हेतु One time repairing कार्य हेतु दिनांक–22.09.2024 से 28.09.2024 के दोपहर 12:00 बजे तक सभी इच्छुक फर्मों/एजेन्सियों से अति अल्पकालीन निविदा दैनिक समाचार पत्रों के माध्यम से आमंत्रित की जाती है। निविदा संबंधी सभी नियम/शर्तें एवं विशिष्टता संबंधित सूचना हजारीबाग जिला के अधिकारिक वेबसाईट www.hazaribag.nic.in पर अपलोड किया गया है, जिससे डाउनलोड कर देखा जा सकता है।

उपायुक्त के निदेश के आलोक में,
नजारत उपसमाहर्ता, हजारीबाग।
PR.NO.336604 District(24-25):D

कार्यालय जिला परिषद, हजारीबाग
अति अल्पकालीन ई–निविदा आमंत्रण सूचना संख्या :– 24/2024–25 दिनांक 20/09/2024
मद का नाम :– जिला खनिज फाउण्डेश ट्रस्ट

| क्र0 | प्रखण्ड | योजना का नाम | प्राक्कलित राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | अग्रधन की राशि | योजना पूर्ण करने की तिथि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | सदर | आश्रम आवासीय विद्यालय, भेलवारा में 100 छात्रों के लिए नये छात्रावास भवन एवं अन्य विविध निर्माण कार्य। | 42999300.00 | 10000.00 | 860000.00 | एक वर्ष छः माह |
| 2 | बड़कागांव | सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, बड़कागांव को मॉडल सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र के रूप में विकसित करने से संबंधित कार्य। | 49167800.00 | 10000.00 | 984000.00 | एक वर्ष छः माह |

1. वेबसाईट में निविदा प्रकाशन की तिथि 04.10.2024
2. ई–निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय 05.10.24 से 12.10.2024 अपराह्न 5:00 बजे तक।
3. निविदा खोलने का स्थान– जिला परिषद, हजारीबाग।
4. निविदा खोलने की तिथि एवं समय 14.10.2024 पूर्वाह्न 10:00 बजे।
5. निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता – जिला अभियंता, जिला परिषद, हजारीबाग।
6. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि केवल Online Mode द्वारा स्वीकार्य होगी।
7. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं0–06546 261406 ई–मेल – districtboardhazaribag@gmail.com
8. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि का ई–भुगतान जिस खाता से किया जायेगा, उसी खाते में अग्रधन की राशि वापस होगी। अगर खाता बंद कर दिया जाता है तो उसकी सारी जवाबदेही आपकी होगी।
9. निविदा की शर्तें कार्यालय के सूचना पट्ट या www.jharkhandtenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

जिला अभियंता,
जिला परिषद, हजारीबाग।
PR.NO.336614 District(24-25):D

# क्यों मनाया जाता है जितिया व्रत?





जीवित्पुत्रिका व्रत बेहद महत्वपूर्ण और कठिन व्रतों में से एक माना जाता है। जीवित्पुत्रिका व्रत में माताएं अपनी संतानों की सलामती व अच्छे स्वास्थ्य और लंबी आयु के लिए पूरे दिन और पूरी रात निर्जला उपवास रखती हैं। इसे जितिया व्रत के नाम से भी जाना जाता है। इस दिन माताएं भगवान जीमूतवाहन की विधिवत पूजा-अर्चना करती हैं।

हिंदू पंचांग के अनुसार, प्रत्येक वर्ष आश्विन मास के कृष्ण पक्ष की अष्टमी तिथि को जीवित्पुत्रिका व्रत रखा जाता है। इस बार जितिया व्रत 25 सितंबर 2024 यानी बुधवार के दिन रखा जाएगा। लेकिन बहुत कम लोग ही जानते हैं कि इस व्रत की शुरुआत कैसे हुई और इस व्रत को क्यों रखा जाता है। आइए जानते हैं कि जितिया व्रत का इतिहास और महत्व। साथ ही जानेंगे कि इस दिन पूजा के लिए शुभ मुहूर्त क्या है और इस व्रत में किस भगवान की पूजा की जाती है।

अष्टमी तिथि कब से कब तक

इस बार आश्विन माह के कृष्ण पक्ष की अष्टमी तिथि 24 सितंबर 2024 को दोपहर 12:38 बजे पर प्रारंभ होगी और 25 सितंबर 2024 को दोपहर 12:10 बजे समाप्त होगी। इसलिए उदया तिथि के आधार पर इस साल जितिया व्रत 25 सितंबर 2024 यानी बुधवार के दिन रखा जाएगा।

### जितिया व्रत के दिन शुभ मुहूर्त-

- ब्रह्म मुहूर्त- सुबह 04:35 से सुबह 05:22 तक।
- अमृत काल- 12:11 पी एम से 01:49 पी एम तक।
- प्रातः सन्ध्या - सुबह 04:59 बजे से सुबह 06:10 बजे तक।
- विजय मुहूर्त- दोपहर 02:12 बजे से दोपहर 03:00 बजे तक।
- गोधूलि मुहूर्त- शाम 06:13 से शाम 06:37 बजे तक।
- सायाह्न सन्ध्या- शाम 06:13 बजे से शाम 07:25 बजे तक।

### पूजन का शुभ मुहूर्त

जितिया व्रत में भी छठ पूजा की तरह नहाय-खाय और खरना की परंपरा है। यह पर्व मुख्य रूप से बिहार, झारखंड व उत्तर प्रदेश के कुछ क्षेत्रों में ही मनाया जाता है। जीवित्पुत्रिका व्रत पूजन का समय शाम के चौघड़िया शुभ मुहूर्त यानी शाम 04 बजकर 43 मिनट से शाम 06 बजकर 13 मिनट तक रहेगा।

### क्यों मनाया जाता है जितिया व्रत

इस व्रत की शुरुआत के बारे में बात करें तो भविष्य पुराण के अनुसार, शिव जी ने माता पार्वती से कहा कि जो माताएं अपनी संतान की भलाई के लिए जीवित्पुत्रिका व्रत रखती हैं, उनकी संतान के जीवन में कभी संकट नहीं आते हैं। सभी बाधाएं दूर हो जाती हैं। साथ ही संतान का वियोग का कष्ट भी नहीं मिलता है। तब से ही संतान की सलामती के लिए जितिया व्रत रखा जाता है।

# डिप्रेशन होने पर सबसे पहले दिखते हैं ऐसे लक्षण, भूलकर भी न करें इग्नोर



डिप्रेशन एक ऐसी गंभीर मानसिक समस्या है, जिसका समय पर इलाज होना बेहद जरूरी होता है। हालांकि आज के दौरान में युवा नौजवान डिप्रेशन की चपेट में तेजी से आ रहे हैं। हालांकि अधिकतर लोगों को यह मालूम नहीं होता है कि वह डिप्रेशन के शिकार हैं, जिसके कारण कई बार मामला हाथ से निकल जाता है। ऐसे में आज इसके बारे में सभी को जानकारी होना बेहद जरूरी होता है। ऐसे में आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको उन 6 लक्षणों के बारे में बताने जा रहे हैं, जो डिप्रेशन का शिकार होने से पहले किसी भी व्यक्ति में नजर आते हैं। अगर कोई व्यक्ति बहुत खा रहा है या बहुत कम खा रहा है, तो यह डिप्रेशन का शुरूआती लक्षण हो सकता है। बता दें कि स्ट्रेस के कारण ज्यादा भूख लगती है और तनाव को कम करने के लिए लोग अच्छा खाना खाते हैं, जिससे उनको सुकून मिलता है। तो कई बार तनाव अधिक होने के कारण लोग भोजन को बोझ समझने लगते हैं। यह दोनों ही स्थिति डिप्रेशन की तरफ इशारा करती हैं। डिप्रेशन के सबसे आम लक्षणों में दुख और निराशा की भावना होती है। अगर आप किसी भी काम करने के पहले निराश हो जाते हैं या फिर छोटी-छोटी बातों पर दुखी हो जाते हैं। तो इसको भी डिप्रेशन का ही लक्षण समझना चाहिए। अगर आप बिना किसी मेहनत या गतिविधि के बाद खुद को थका हुआ महसूस करते हैं, तो यह भी डिप्रेशन की तरफ इशारा होता है। कई बार ऐसा नींद की कमी के कारण भी होता है। यदि आप पहले किसी काम को खूब आनंद लेकर किया करते थे और अब आपको किसी भी काम में बिलकुल रुचि नहीं हैं, तो यह भी डिप्रेशन के शुरूआती लक्षणों की तरफ इशारा करता है। जो लोग डिप्रेशन से प्रभावित होते हैं, उन लोगों का खाना खाने का मन नहीं करता है और वह खाने को बोझ भी मान सकते हैं। अगर कोई व्यक्ति बिलकुल भी सो नहीं पाता है या बहुत देर तक सोता रहता है। तो यह भी डिप्रेशन का शुरूआती लक्षण हो सकता है। अगर आपको चिंता की वजह से नींद नहीं आती है या फिर आप में ऊर्जा की कमी की वजह से अधिक सोते हैं तो यह भी डिप्रेशन का लक्षण हो सकता है। अगर कोई व्यक्ति किसी भी बात पर आसानी से भड़क जाता है और यदि कोई कुछ कह देता है तो चिड़चिड़े होकर गुस्सा होने लगते हैं। तो यह भी डिप्रेशन की तरफ इशारा करता है। क्योंकि व्यक्ति पर चिंता के कारण भावनात्मक दबाव बना रहता है। ऐसे में व्यक्ति छोटी-छोटी बातों पर भड़क सकता है। डिस्क्लेमरः इस लेख के सुझाव सामान्य जानकारी के लिए हैं। इन सुझावों और जानकारी को किसी डॉक्टर या मेडिकल प्रोफेशनल की सलाह के तौर पर न लें। किसी भी बीमारी के लक्षणों की स्थिति में डॉक्टर की सलाह जरूर लें।

# भारतीय संस्कृति और इतिहास में महत्वपूर्ण स्थान रखता है हस्तिनापुर

हस्तिनापुर, उत्तर प्रदेश के मेरठ जिले में स्थित एक ऐतिहासिक और पौराणिक स्थल है, जो भारतीय संस्कृति और इतिहास में महत्वपूर्ण स्थान रखता है। यह शहर महाभारत के काल से जुड़ा हुआ है और यहाँ के ऐतिहासिक स्थलों और धार्मिक महत्व ने इसे एक प्रमुख तीर्थ स्थल बना दिया है।

### हस्तिनापुर का ऐतिहासिक महत्व

हस्तिनापुर का नाम महाभारत के युग से जुड़ा हुआ है, जब यह स्थान कौरवों और पांडवों की राजधानी थी। हस्तिनापुर को 'हस्तिनापुर' नाम दानवों के राजा हस्ति के नाम पर पड़ा था। महाभारत के अनुसार, हस्तिनापुर की स्थापना राजा हस्ति ने की थी और यहाँ पर उनके वंशजों का शासन रहा।

### धार्मिक और सांस्कृतिक महत्व

हस्तिनापुर का धार्मिक महत्व महाभारत के युद्ध और कथा के कारण अत्यधिक है। यह स्थल हिन्दू धर्म के अनुयायियों के लिए एक महत्वपूर्ण तीर्थ स्थल है। यहाँ की सांस्कृतिक परंपराएँ और धार्मिक अनुष्ठान, महाभारत काल की धरोहर को जीवित रखते हैं।

1. **धार्मिक त्यौहारः** हस्तिनापुर में आयोजित होने वाले त्यौहार, विशेषकर महाभारत की घटनाओं से जुड़े त्यौहार, यहाँ की संस्कृति और धार्मिक माहौल को दर्शाते हैं।
2. **धार्मिक समारोहः** यहाँ पर धार्मिक समारोह और वार्षिक उत्सव, जैसे कि गंगा दशहरा और दिवाली, बड़ी धूमधाम से मनाए जाते हैं।




### पर्यटन और यात्रा

हस्तिनापुर का दौरा करने के लिए सबसे अच्छा समय अक्टूबर से मार्च तक होता है, जब मौसम सुहावना रहता है। यहाँ तक पहुंचने के लिए मेरठ एक प्रमुख रेलवे जंक्शन है, और यहाँ से हस्तिनापुर तक सड़क मार्ग द्वारा भी आसानी से पहुँच सकते हैं। यात्रा के दौरान, स्थानीय भोजन और हस्तशिल्प वस्त्रों का आनंद लेना न भूलें, जो इस क्षेत्र की संस्कृति का महत्वपूर्ण हिस्सा हैं। यहाँ के ऐतिहासिक स्थलों और धार्मिक वातावरण से पर्यटकों को एक अद्वितीय अनुभव प्राप्त होता है। हस्तिनापुर भारतीय इतिहास और धर्म का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है, जो महाभारत काल की पौराणिक कथाओं और ऐतिहासिक घटनाओं से गहरा जुड़ा हुआ है। यहाँ के ऐतिहासिक स्थल, धार्मिक महत्व और सांस्कृतिक धरोहर इसे एक अनूठा तीर्थ स्थल बनाते हैं। हस्तिनापुर की यात्रा न केवल पौराणिक इतिहास की गहराइयों को समझने का अवसर देती है, बल्कि यहाँ की धार्मिक और सांस्कृतिक गतिविधियों से भी परिचित कराती है।

### प्रमुख स्थल और ऐतिहासिक स्थल

- हस्तिनापुर किला : यह किला प्राचीन काल का एक महत्वपूर्ण स्थल है और इसे महाभारत काल के प्रमुख स्थलों में गिना जाता है। यहाँ के खंडहर और पुरातात्विक अवशेष दर्शाते हैं कि यहाँ कभी भव्य और शक्तिशाली साम्राज्य था।
- द्रोणाचार्य आश्रम : द्रोणाचार्य आश्रम महाभारत के गुरु द्रोणाचार्य से जुड़ा हुआ है। यहाँ पर द्रोणाचार्य ने अपने शिष्यों को युद्ध की शिक्षा दी थी।
- पांडवों का महल : यह महल पांडवों का निवास स्थान था और यहाँ पर पांडवों के जीवन से जुड़ी कई कथाएँ प्रचलित हैं।
- कुरुक्षेत्र मैदान : यह मैदान महाभारत के युद्ध स्थल के रूप में प्रसिद्ध है और यहाँ पर कई महत्वपूर्ण घटनाएँ घटित हुई थीं।
- हस्तिनापुर मंदिर : यहाँ पर कई प्राचीन मंदिर हैं, जिनमें से प्रमुख हैं राधा-कृष्ण मंदिर और काली माता का मंदिर। इन मंदिरों में धार्मिक अनुष्ठान और पूजा अर्चना की जाती है।

# तेजी से बढ़ रहा ओटीपी और केवाईसी का फ्रॉड




ऑनलाइन होने वाले फ्रॉड और ठगी के मामले आए दिन बढ़ रहे हैं। इसकी वजहें-जैसे हमारी पर्सनल जानकारी ठगों के पास पहुंच जाना। किसी के साथ बिना वजह जाने ओटीपी शेयर कर देना। ऐसे में खुद सेफ रखना एक बड़ी चुनौती है खासकर फेस्टिव सीजन में। क्योंकि इस सीजन में ठग ज्यादा एक्टिव रहते हैं और भोले-भाले लोगों को अपना शिकार बनाने के लिए नए-नए तिकड़म खोजते रहते हैं। ओटीपी और केवाईसी फ्रॉड से खुद को सेफ रखने के लिए आपको कुछ बुनियादी चीजों का ध्यान रखना चाहिए।

**ओटीपी फ्रॉड में फंस रहे लोग**

ओटीपी फ्रॉड्स में बहुत लोग फंस रहे हैं वह भी सिर्फ छोटी सी गलती के कारण, अगर आप इससे खुद को सेफ रखना चाहते हैं तो कुछ जरूरी चीजों का ध्यान रखना बहुत जरुरी है। टोल फ्री नंबर पर भरोसा न करें। क्योंकि कई बार ऐसे नंबर से कॉल आते हैं, इन पर कॉल करने वाला खुद को बैंक या किसी और सरकारी संस्था से जुड़ा बताता है।

किसी के साथ भी ओटीटी और सीवीवी डिटेल ने शेयर करें, खासकर जो खुद को बैंक से जुड़ा हुआ बताए। कॉल पर भरोसा करने पर पहले उस नंबर की विश्वसनियता को जरूर चेक कर लें। जिससे फ्रॉड के चांस कम रहें। अगर कोई फेस्टिव सेल में कैशबैक या रिवॉर्ड का लालच दे और ओटीपी मांगे तो ऐसा न करें।

**केवाईसी से ऐसे बचें**

बैंक की तरफ से केवाईसी पूरा करने के लिए कभी भी आपकी निजी जानकारी नहीं मांगी जाती है। अगर किसी ग्राहक को KYC प्रोसेस पूरा करवाना होता है। उसे बैंक ही जाना पड़ता है। इसलिए आपको कभी अपनी पर्सनल डिटेल यहां शेयर नहीं करनी चाहिए। मेल और मैसेज को अच्छे से चेक करें, क्योंकि फर्जी और फेक मैसेज में कई स्पैलिंग गलत लिखी होती हैं। वॉट्सऐप आने वाले किसी भी लिंक पर क्लिक न करें। कुछ भी स्पीशीयस होने की स्थिति में उसे तुरंत ब्लॉक और रिपोर्ट करें।

# योग क्या है? योग के लाभ और करने के नियम

**योग क्या है?**

योग को अलग-अलग नामों से पुकारा जाता है। इसे प्राणायान, योग, योग भी कहते हैं। योग योग की एक शाखा है। जहां बैठकर या बैठकर योगाभ्यास किया जाता है। एक आध्यात्मिक प्रक्रिया जहां शरीर, मन और आत्मा संयुक्त होते हैं (योग)) यह शब्द हिंदू धर्म, जैन धर्म और बौद्ध धर्म में ध्यान की प्रक्रिया से संबंधित है। योग एक संस्कृत शब्द है जो युज से आया है, जिसका अर्थ है इकट्ठा होना, बांधना। योग अब चीन, जापान, तिब्बत, दक्षिण पूर्व एशिया और श्रीलंका के साथ-साथ भारत से बौद्ध धर्म में फैल गया है, और इस समय पूरे सभ्य दुनिया में लोग इससे परिचित हैं।

**योग व्यायाम के लाभः**

योग करने के कई फायदे हैं। जहां सिर्फ जिम करने से हमारा शरीर स्वस्थ रहता है, वहीं योग हमारे शरीर के साथ-साथ दिमाग को भी स्वस्थ बनाता है। एरोबिक्स या योग के कुछ लाभः

**1. मन की शांति**

योग न केवल हमारे शरीर की मांसपेशियों को अच्छा व्यायाम देता है, बल्कि यह हमारे दिमाग को शांत रखने में भी मदद करता है। चिकित्सा अनुसंधान से पता चला है कि योग शारीरिक और मानसिक दोनों रूप से अच्छे स्वास्थ्य को बनाए रखने में मदद करता है। योग तनाव से राहत देता है और बेहतर नींद लाता है, भूख और पाचन को बढ़ाता है। यह दिमाग को हमेशा शांत रखता है।



**2. तनाव मुक्त जीवन**

यदि आप योग को अपनी दिनचर्या में शामिल करते हैं तो आप तनाव मुक्त जीवन जी सकते हैं। अध्ययनों से पता चलता है कि आज हर दूसरा व्यक्ति तनाव में है

**3. शरीर की थकान**

जब हम योग करते हैं तो मांसपेशियों में खिंचाव, मरोड़, मरोड़ और खिंचाव जैसी कई क्रियाएं होती हैं। इससे हमारे शरीर की थकान दूर होती है और हम हमेशा तरोताजा महसूस करते हैं। यदि आप नियमित रूप से योग करते हैं तो आपके शरीर में ऊर्जा का संचार होगा।

**4. रोग मुक्त शरीर**

योगाभ्यास शरीर को स्वस्थ बनाता है, क्योंकि यह हमें रोगों से लड़ने की शक्ति देता है। हृदय रोग, मधुमेह और अस्थमा जैसी कई अन्य बीमारियों के लिए योग की सलाह दी जाती है। योग रक्त शर्करा के स्तर को नियंत्रित करने में मदद करता है और श्वसन संबंधी विकारों को भी दूर करता है। इसलिए अगर आप रोजाना योग करेंगे तो आप स्वस्थ रहेंगे।

**5. वजन पर काबू**

दुनिया की अस्सी प्रतिशत आबादी मोटापे से ग्रस्त है। हालांकि योग को अपनी जीवनशैली में शामिल करके हम मोटापे को नियंत्रित कर सकते हैं। योग करने से शरीर लचीला बनता है। यह हमारी मांसपेशियों को मजबूत करता है और शरीर से अतिरिक्त चर्बी को कम करता है। यह हमारे पाचन तंत्र को भी मजबूत करता है। योग फिट रहने का एक बेहतरीन तरीका है।

# डायबिटीज मरीज अंजीर का सेवन कर सकते हैं क्या?





अंजीर का स्वाद बेहद मीठा होता है। जिस वजह से शुगर के मरीज इसका सेवन नहीं करते हैं। वैसे तो अंजीर स्वाद और सेहत के लिए सबसे बढ़िया माना जाता है। अंजीर के खाने से शरीर को कई लाभ मिलते हैं। ऐसे में कई बार सवाल भी उठता है कि क्या शुगर मरीज अंजीर खा सकते हैं क्या? आइए जानते हैं क्या कहते हैं एक्सपर्ट।

**क्या शुगर मरीज को अंजीर खान चाहिए?**

वैसे तो पोषण के मामले में अंजीर का सेवन करना सबसे बढ़िया माना जाता है। वहीं, शुगर मरीजों के लिए इसको लेकर काफी मिथक है। कुछ मानते है कि खाना चाहिए और कुछ कहते हैं नहीं खाना चाहिए। यदि आप डायबिटीज के मरीज है, तो अंजीर का सेवन जरुर करें। हालांकि, आपको इसकी मात्रा का ध्यान देना है।

**अंजीर में पाएं जाने वाले पोषक तत्व**

अंजीर का फल सेहत के लिए काफी अच्छा माना जाता है। इसमें पोषक तत्वों का भंडार है। अंजीर में फाइबर, जिंक, आयरन, फोलेट, नियासिन, राइबोफ्लेविन, मैग्नीशियम, विटामिन, मिनरल्स और एंटीऑक्सीडेंट गुण पाया जाता है, यह ब्लड शुगर लेवल को भी कंट्रोल करता है। लेकिन आपको हमेशा यह ध्यान रखना है कि इसे संतुलित ही मात्रा में खाएं। ज्यादा अंजीर खाने से समस्या भी बढ़ जाएगी। इसलिए हमेशा इसका सेवन संतुलित मात्रा में करें।

**किस समय खाना चाहिए?**

अंजीर खाने के लिए सबसे बढ़िया समय है सुबह के समय खाना। रात को 2 अंजीर को पानी में भिगो लें। अगले दिन सुबह खाली पेट इसका सेवन करें या फिर आप रात को गर्म या गुनगुने दूध के साथ भी अंजीर खा सकते हैं।

# कांग्रेस के इतिहास को बताते हुये त्याग और बलिदान वाली पार्टी बताया : प्रदीप कुमार

मेट्रो रेज संवाददाता

**साहिबगंज :** प्रदेश कांग्रेस कमिटी के नव मनोनीत प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश राज्य के सभी जिलों में चल रहे संवाद आपके साथ कार्यक्रम के तहत साहिबगंज के उत्सव वेंक्विट हाल में कार्यकताओं के साथ जिला अध्यक्ष बरकतुल्लाह खान की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम में शिरकत किया।प्रदेश से उनके साथ पुर्व प्रदेश अध्यक्ष प्रदीप कुमार बालमुचू,प्रदेश युवा कांग्रेस अध्यक्ष अभिजित राज,प्रदेश महासचिव उदय लख्मानी,मदन महतो,रविन्द्र वर्मा सुल्तान अहमद,श्यामल किशोर सिंह पिछड़ा वर्ग विभाग के प्रदेश प्रवक्ता परवेज आलम मौजुद थे।संवाद आपके साथ कार्यक्रम की सबसे बड़ी और अनोखी बात यह रही की प्रदेश अध्यक्ष और प्रदेश स्तर के बड़े नेता मंच के सामने कार्यकताओं के साथ बैठे और मंच पर प्रखंड अध्यक्षगण,सभी विभाग और मोर्चा के अध्यक्षगण और जिला के पदाधिकारी बैठे थे।सभी कार्यकताओं ने बारी बारी आए अपने विचार रखे जिसमें पुरजोर तरीके से राजमहल विधनसभा सीट कांग्रेस के कोटे में लेने की बात उठी।जिसमें मुख्य रूप से प्रखंड अध्यक्षों में विमल भगत,मो बदरुद्दीन,देवेन्द्र ठाकुर,परवेज आलम,महेंद्र पासवान,पिछड़ा वर्ग विभाग अध्यक्ष अजय यादव, महिला अध्यक्षा सुष्मिता कीड़ो,ने अपनी बातें रखी।प्रदेश अध्यक्ष ने अपने संबोधन मैं कांग्रेस के इतिहास को बताते हुये त्याग और बलिदान वाली पार्टी बताया,उन्होने कहा की आजादी के पहले भी कांग्रेस ने देश की स्वतंत्रता में



अपनी जानों की आहुती देश के लिए दी है और आजादी के बाद भी देश की अखंडता और एकता के लिए हमारे नेताओं ने जान की कुरबानी इंदिरा गांधी और राजीव गांधी ने दिया है.आज भी जब देश को नफरत की आग मैं झोंकने का प्रयास किया जा रहा है तो हमारे नेता राहुल गांधी 4000 किलो मीटर की भारत जोड़ो पद यात्रा कर देश में अलख जगाने का प्रयास किया और कर रहे हैं।उन्होने आगे कहा की आज देश की परिस्थितियों के कारण हमें दुसरी पार्टियों से गठबंधन करना पड रहा है हमारे राष्ट्रीय अध्यक्ष अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खडगे जी के नेतृत्व मे लोकसभा चुनाव में भाजपा को बहुमत से दूर रखा है. प्रदेश अध्यक्ष ने आश्वासन दिया की साहिबगंज जिला में कांग्रेस के कार्यकताओं के उत्साह को देखते हुये राजमहल विधनसभा हम अपने कोटे में लेने क प्रयास करेंगे।मंच संचालन जिला उपाध्यक्ष कलीमुद्दीन ने किया।कार्यक्रम में मुख्य रूप से शशांक शेखर गुहा,अनुकूल मिश्रा,अनिल ओझा, मुर्शाद अली,बासुकी यादव, नित्यानंद गुप्ता,सरफराज आलम, नेहाल अख्तर,आदित्य यादव, सुनील पासवान, सतीश पासवान, देवराज सिंह, सद्दाम हुसैन,वासीम औरंगजेब, राजेश सिंह, मो रियाज, सब्दुल अंसारी, बुलंद अख्तर,आदित्य ओझा,अश्वनी आनन्द,मुनीला लोहार,ताबिश इकबाल, सनाउल्लहा अंसारी आदि सैकड़ों कांग्रेसजन मौजूद थे।

## भाजपा विधायक अनंत ओझा के खिलाफ सामाजिक कार्यकर्ता देंगे धरना करेंगे आंदोलन : अरशद

मेट्रो रेज संवाददाता



**साहिबगंज :** चर्चित सामाजिक कार्यकर्ता सह पर्यावरण प्रेमी सैयद अरशद नसर ने शनिवार को प्रेस-विज्ञप्ति जारी करते हुए राजमहल विधानसभा क्षेत्र से दस साल से भाजपा विधायक अनंत ओझा पर क्षेत्र के विकास की उपेक्षा का अत्यंत ही गंभीर आरोप लगाते हुए ओझा के खिलाफ अक्टूबर माह के प्रथम सप्ताह से लगातार धरना प्रदर्शन व जन जागरूकता अभियान चलाने का एलान किया है।अरशद ने जारी प्रेस विज्ञप्ति में कहा है।कि ओझा ने अपने दस साल के विधायक कार्य काल के दौरान क्षेत्र में घर-घर जलापूर्ति योजना को लागू नहीं करवाने,साहिबगंज से खास महाल काला कानून को खत्म नहीं करवाने,राजमहल अनुमंडल को जिला नहीं बनवाने,राजमहल में गंगा पुल नहीं बनवाने,तीन पहाड़ को प्रखण्ड नहीं बनवाने अन सर्वे भुमि का सर्वे नहीं करवाने,बंद मुरली हाल्ट स्टेशन को चालु नहीं करवाने,बंद हो गई एतिहासिक अपर इंडिया एक्स्प्रेस व दानापुर राजगीर ट्रेन को चालू नहीं करवाने,ग्रामीण व शहरी क्षेत्र की सड़कों को चलने लायक नहीं बनवाने,बिजली आपुर्ति सुनिश्चित नहीं करवानेभाजपा में गुटबाजी करवाने,क्षेत्र को भ्रष्टाचार घपला घोटाला में प्रसिद्धि दिलवाने,चिकित्सा व शिक्षा व्यवस्था में सुधार नहीं करवाने,गंगा कटाव का स्थाई निदान नहीं करवाने,किसानों के लिए सिंचाई व्यवस्था नहीं करवाने,अपराध,रिश्वत खोरी व पुलिस प्रशानिक पदाधिकारियों के मनमानी पर रोक नहीं लगवाने आदि का गंभीर आरोप लगाया है साथ ही अरशद ने ओझा के चल अचल सम्पत्ति की भी ईडी सीबीआई से जांच कराने व 1250 हजार करोड़ खनन घोटाले में होटवार जेल में बंद सुबे के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के विधायक प्रतिनिधि पंकज मिश्रा व 3000 हजार से अधिक के टेंडर कमीशन घोटाले में गिरफ्तार आलमगीर आलम से ओझा के सांठ-गांठ की भी सीबीआई ईडी से जांच की मांग करते हुए भाजपा आलाकमान से ओझा को टिकट नहीं देने की भी मांग की है.अरशद ने ओझा के खिलाफ क्षेत्र के सामाजिक कार्यकताओं व जागरूक नागरिकों को गुल बंद कर अक्टूबर माह के प्रथम सप्ताह से लगातार आंदोलन चलाने को लेकर तैयारी शुरू कर दी है.अरशद के ओझा के खिलाफ आंदोलन की घोषणा से क्षेत्र का राजनीतिक पारा गर्म हो गया है।

## अमरूद व बेल के पौधे का किया गया वितरण



मेट्रो रेज संवाददाता

**साहिबगंज :** जिला उद्यान कार्यालय साहिबगंज अभिसरण के द्वारा अमरूद, बेल पौधा का वितरण वित्तीय वर्ष 2024 -25 राज्य बागवानी मिशन योजना अंतर्गत जेएसएलपीएस, प्रवाह, एन जी ओ एग्री क्लीनिक, एफपीओ एवं ग्रामीण विकास ट्रस्ट द्वारा चयनित किसानो को घर-घर तक अमरूद, बेल का पौधा पहुंचाया गया। बर्नार्ड मरांडी, प्रमुख बरहेट, उद्यान विभाग से श्री प्रेम पासवान, श्री मुकेश कुमार द्वारा संयुक्त रूप से किसानों के बीच वितरण किया गया। बरहेट प्रमुख श मरांडी द्वारा बताया गया की किसान अमरूद और बेल पौधा लेकर काफी उत्साहित हैं एवं आने वाले दिनों में हमारे के जिले किसान आर्थिक रूप से बहुत मजबूत होंगे। अमरूद पौधा 34 हेक्टेयर , बेल पौधा 6.4 हेक्टेयर लिए बरहेट, बरहरवा, उधवा, तालझारी , बोरिया दिया जा रहा है।मौके पर बरहरवा उद्यान मित्र मंटू रजक, बागवान मित्र यहूले शेख, बाबूजी सोरेन आदि उपस्थित थे।

## दिव्यांग बच्चों की भावना को समझना हम सभी का कर्तव्य : डीआरएम

मेट्रो रेज संवाददाता



**साहिबगंज :** स्थानीय दिव्यांग विद्यालय में कौशल्या ज्योति ट्रस्ट द्वारा आयोजित पर्यावरण से संबंधित चित्रांकन प्रतियोगिता को संबोधित करते हुए मालदा डिवीजन के डीआरएम मनीष गुप्ता ने कहा कि समाज के अंतिम पायदान के यह बच्चे हमारी जिम्मेवारी है।उनकी शिक्षा और सुरक्षा कैसे हो सुनिश्चित इसके लिए हम जैसे लोगों को प्रयास करना चाहिए।

उन्होंने कहा कि हम उनके द्वारा आज पर्यावरण पर किए गए चित्रांकन को देख अचंभित है।इन नौनिहालों को संपूर्ण सुविधा मिले यह मेरा पहला प्रयास रहेगा।कौशल्या ज्योति ट्रस्ट द्वारा पर्यावरण को लेकर दिव्यांग बच्चों के बीच प्रतियोगिता का आयोजन किया गया था।दिव्यांग बच्चों द्वारा पर्यावरण का संदेश देने वाले एक से एक चित्र तैयार किए गए थे।मालदा डिवीजन के डीआरएम मनीष गुप्ता अपने संपूर्ण रेल के अधिकारियों के साथ सबसे पहले टाउन हॉल के पीछे 3000 फलदार पौधों का वृक्षारोपण किया उसके बाद दिव्यांग विद्यालय पहुंचे वहां उन्होंने फलदार वृक्षों का भी वृक्षारोपण किया।उन्होंने दिव्यांग बच्चों द्वारा तैयार किए हुए सभी चित्रों को संग्रहित करने का निर्देश रेलवे के स्थानीय अधिकारियों को दिया।इस कार्यक्रम में प्रमुख रूप से कौशल्या ज्योति ट्रस्ट के अध्यक्ष डॉ सुरेंद्रनाथ तिवारी, सीनियर डीएमई सत्येंद्र तिवारी,सुभाष पासवान हेल्पिंग हैंड्स की टीम विद्यालय के सभी कर्मी उपस्थित थे।

## अंतर्राष्ट्रीय हिंदू परिषद, राष्ट्रीय बजरंग दल, साहिबगंज जिला की बैठक

मेट्रो रेज संवाददाता



**साहिबगंज :** अंतर्राष्ट्रीय हिंदू परिषद राष्ट्रीय बजरंग दल, साहिबगंज जिला की बैठक वंडर किड्स एकेडमी पोखरिया जिला अध्यक्ष ओम तत्सत की अध्यक्षता में संपन्न हुई।बैठक में अंतर्राष्ट्रीय हिंदू परिषद के केंद्रीय मंत्री सुरेंद्र सिंह का मार्गदर्शन प्राप्त हुआ।बैठक में उन्होंने हनुमान चालीसा केंद्र को ही हिंदू सम्मान की सुरक्षा का केंद्र स्थापित करने हिंदुओं की समस्याओं का समाधान करने का केंद्र हनुमान चालीसा केंद्र अधिक से अधिक खोलने का निर्देश दिया।महाकुंभ के अवसर पर एक करोड़ लोगों को भोजन एवं कंबल वितरण का कार्य किया जाएगा।इस कार्यक्रम में हिंदू समाज अधिक से अधिक संध्या में भाग ले।साथ में दिलीप वैद्य महामंत्री अंतर्राष्ट्रीय हिंदू परिषद झारखंड प्रदेश एवं कन्हैया लाल सह संगठन मंत्री अंतर्राष्ट्रीय हिंदू परिषद झारखंड प्रदेश उपस्थित हुए।बैठक में केंद्रीय मंत्री के द्वारा विजय कुमार भारती को उपाध्यक्ष अंतर्राष्ट्रीय हिंदू परिषद झारखंड प्रदेश एवं राजेश कुमार यादव को अध्यक्ष नेशनल स्पोर्ट्स नेशनल स्पोर्ट्स अकैडमी झारखंड प्रदेश एवं सुनील कुमार ओझा को विभाग मंत्री साहिबगंज विभाग मनोनीत किया गया।उक्त बैठक में दीपक कुमार यादव अध्यक्ष राष्ट्रीय बजरंग दल,प्रोफेसर बासुकीनाथ शाह,मंत्री साहिबगंज जिला साथ में राजीव कुमार साह,निरंजन कुमार गुप्ता अध्यक्ष अंतर्राष्ट्रीय हिंदू परिषद,साहिबगंज नगर अजीत पोद्दार कुंदन गुप्ता कुंदन सिंह विकास प्रदुमन यादव आदि उपस्थित हुए।कार्यक्रम की जानकारी अंतर्राष्ट्रीय हिंदू परिषद के जिला मंत्री प्रोफेसर बासुकीनाथ शाह ने दी।

## फॉसिल्स पार्क में स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम का आयोजन

मेट्रो रेज संवाददाता

**साहिबगंज /मंडरो :** भारतीय भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण राज्य इकाई, झारखण्ड रांची के तत्वाधान में साहिबगंज जिले के मंडरो प्रखंड स्थित जीवाश्म पार्क में स्वच्छता ही सेवा 2024 कार्यक्रम आज दिनांक 21सितम्बर को मनाया गया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सतीश चन्द्र दुबे, राज्य मंत्री कोयला तथा खान मंत्रालय, भारत सरकार के साथ श्री अखौरी बिश्वप्रिया, उप महानिदेशक राज्य इकाई झारखण्ड रांची, अध्यक्ष आयोजन समिति और वन प्रमंडल पदाधिकारी साहिबगंज प्रबल गर्ग उपस्थित थे। उनके द्वारा स्वच्छता ही सेवा का तथा दैनिक जीवन में स्वच्छता के प्रति जागरूकता की शपथ दिलाई गयी इसके पश्चात जीवाश्म पार्क मंडरो को भूवैज्ञानिक विरासत के रूप में चिन्हित करते हुए मंत्री महोदय के कर कमलों से भारतीय भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण राज्य इकाई,



झारखण्ड रांची के अधिकारीगण, नागरिक जन, विद्यालय तथा साहिबगंज महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं, प्रखंड विकास पदाधिकारी तथा टीम और वन विभाग टीम, मीडिया और पत्रकारों की उपस्थिति में शिलान्यास किया गया। उसके पश्चात ह्यएक पेड़ माँ के नामह्न कार्यक्रम के तहत वृक्षारोपण फॉसिल पार्क के परिसर में किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि सतीश चन्द्र दुबे, राज्य मंत्री, कोयला व खान मंत्रालय, भारत सरकार ने उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए स्वच्छता के महत्व पर प्रकाश डाला। मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी का बोया हुआ बीज स्वच्छ्ता की सेवा आज जन आंदोलन बन गया है। अब लोग अपने दैनिक जीवन मे स्वच्छता अपना रहे हैं। एक पेड़ मां के नाम भी स्वच्छता का ही हिस्सा है। हमें धरती और आकाश को स्वच्छ बनाना है। कहा कि भू वैज्ञानिक विरासत मंडरो फॉसिल्स पार्क से पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा और यहां रोजगार के नए अवसर पैदा होंगे।इसके अलावा नीति आयोग के संपूर्णता अभियान अंतर्गत कार्यक्रम स्थल पर प्रखंड स्तरीय मधुमेह एवं रक्तचाप जांच शिविर का भी आयोजन किया गया। जिसमें पूर्व विधायक बोरियो विधानसभा क्षेत्र ने भी अपना मधुमेह एवं रक्तचाप जांच करवाया।मौके पर बोरियो विधान सभा क्षेत्र के पूर्व विधायक लोबिन हेंब्रम, मंडरो बीडीओ मेघनाथ उरांव, वन क्षेत्र पदाधिकारी संजय कुमार, वन परिसर पदाधिकारी अखलेश मरांडी , वन रक्षी पप्पू कुमार ,फीलिसिटस हांसदा , जीएसआई निदेशक विप्लव कुमार चक्रवर्ती, रवि शंकर कुमार, सीए लिम्बु, श्रेया श्रेय ,श्याम सुंदर सिंह, सचिन विश्वासराव, ग्लैडसन बागे, ओमनाथ साहा सहित सीनियर जियोलॉजिस्ट, अस्सिटेंट जियोलॉजिस्ट तथा नीति आयोग से मनीष कुमार मिश्रा व अन्य मौजूद थे।

## उपायुक्त ने किया परीक्षा केंद्रो का निरीक्षण

**साहिबगंज :** जिला दंडाधिकारी -सह- उपायुक्त हेमंत सती ने जिला में आयोजित झारखंड सामान्य स्नातक योग्यताधारी संयुक्त प्रतियोगिता परीक्षा-2023 के सफल आयोजन को लेकर निरक्षण किया गया।

उपायुक्त ने दिनांक 21 एवं 22 सितंबर 2024 को आयोजित झारखंड कर्मचारी चयन आयोग जेएसएससी द्वारा आयोजित हो रहें झारखंड सामान्य स्नातक योग्यताधारी संयुक्त प्रतियोगिता परीक्षा 2023 में कदाचार मुक्त एवं शांतिपूर्ण वातावरण में आयोजन को लेकर परीक्षा केंद्रो का निरक्षण कर पदाधिकारियों को आवश्यक बिंदुओं दिशा निर्देश दिया।उन्होंने जवाहर लाल नवोदय विद्यालय साहिबगंज, संध्या कॉलेज परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण किया।

## यूज ब्रीफ

### खान राज्य मंत्री सतीश चंद्रदूबे जिला के मंडरो प्रखंड स्थित फॉसिल्स पार्क पहुंचेंगे

**साहिबगंज :** कोयला और खान राज्य मंत्री सतीश चंद्र दूबे स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत शनिवार को जिला के मंडरो प्रखंड स्थित फॉसिल्स पार्क पहुंचेंगे।यहां मंडरो में पाए जाने वाले जीवास्म अवशेषों पर जीएसआई रांची द्वारा तैयार एक वृतचित्र का प्रीमियर करेंगे।वहीं स्वच्छता ही सेवा अभियान का उद्घाटन फॉसिल पार्क में करेंगे। डीएफओ प्रबल गर्ग ने बताया कि केंद्रीय मंत्री जीएसआई के भूवैज्ञानिक विरासत स्थल के तौर पर चयनित होने के उपलक्ष्य में पत्थर पट्टिका का अनावरण करेंगे।स्वच्छता अभियान के उपरांत एक पेड़ मां के नाम कार्यक्रम अंतर्गत पौधरोपण करेंगे। प्रखंड विकास पदाधिकारी मंडरो द्वारा बताया गया की कार्यक्रम स्थल पर नीति आयोग द्वारा संचालित आकांक्षी प्रखंड कार्यक्रम अंतर्गत संपूर्णता अभियान के तहत प्रखंड स्तरीय मधुमेह एवम रक्तचाप जांच शिविर भी का भी आयोजन किया जाएगा।कार्यक्रम में प्रखंड की जल सहिया,सहिया साथी तथा विभिन्न विभाग के पदाधिकारी एवम ग्रामीण शामिल होंगे।

### संयुक्त प्रतियोगिता परीक्षा को लेकर उपायुक्त ने की बैठक



**दुमका :** झारखण्ड सामान्य स्नातक योग्यताधारी संयुक्त प्रतियोगिता परीक्षा-2023 को लेकर समाहरणालय के सभागार कक्ष में शनिवार को जिले के उपायुक्त आंजनेयुलु दोड्डे की अध्यक्षता में प्रेस कॉन्फ्रेंस का आयोजन किया गया। उन्होंने बताया कि आज दिनांक 21 सितंबर को झारखण्ड सामान्य स्नातक योग्यताधारी संयुक्त प्रतियोगिता परीक्षा-2023 के लिए जिले में 30 परीक्षा केन्द्रों में 3 पालियों में परीक्षा का आयोजन किया गया। आज के परीक्षा में कुल 9396 अभ्यर्थी आवंटित थे, जिसमें कुल 4419 अभ्यर्थी परीक्षा में शामिल हुए। 4977 अभ्यर्थी इस परीक्षा में अनुपस्थित थे। परीक्षा के सुचारुरूप से आयोजन हेतु कुल 783 वीक्षकों, 18 पेट्रोलिंग मजिस्ट्रेट-कम-उड़नदस्ता, 30 स्टेटिक मजिस्ट्रेट, 40 सेन्टर ऑब्जर्बर, पेट्रोलिंग पुलिस 1/3 सशस्त्र बल 18 टीम, पेट्रोलिंग पुलिस ऑफिसर 1/3 सशस्त्र बल, 02 लाठी बल, 02 लाठी बल 30 टीम लगाये गये थे । सभी केन्द्रों पर समुचित मात्रा में उउळश कैमरा एवं जैमर लगाया गया था ’

उपायुक्त ने कहा परीक्षा स्वच्छ एवं कदाचार मुक्त ढंग से परीक्षा ढंग से संपन्न हुई ’ कल दिनांक 22 सितम्बर 2024 को भी 30 परीक्षा केंद्रों में परीक्षा आयोजित की जायेगी.

### 63 मेधावी विद्यार्थियों को मिलेगा गोल्ड मेडल

**दुमका :** सिदो कान्हू मुर्मू विश्वविद्यालय दुमका के आठवें दीक्षांत समारोह में कुल 63 छात्र-छात्राओं को स्वर्ण पदक प्रदान किया जाएगा, जिसकी सूची विश्वविद्यालय की आधिकारिक वेबसाइट पर जारी कर दी गई है। ज्ञात हो कि उक्त कार्यक्रम 24 सितंबर 2024 को शहर के कन्वेंशन सेंटर में आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम की अध्यक्षता झारखंड राज्य के राज्यपाल एवं कुलाधिपति संतोष कुमार गंगवार करेंगे, जबकि झारखंड केंद्रीय विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो क्षिति भूषण दास मुख्य अतिथि के रूप में इस कार्यक्रम में शामिल होंगे। इस समारोह में जिन 63 छात्र-छात्राओं को स्वर्ण पदक प्रदान किया जाएगा, वे हैं जिन्होंने अपने विषयों में सर्वोच्च अंक लाकर सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया है। यूजी सत्र 2020-23 में विभिन्न विषयों में कुल 24 स्वर्ण पदक दिए जाएंगे तथा संत जेवियर्स कॉलेज दुमका के गणित विषय के अमन कुमार को ओवरऑल बेस्ट ग्रेजुएट का पदक दिया जाएगा। पीजी, सत्र 2021-23 के विभिन्न विषयों में कुल 20 विद्यार्थियों को स्वर्ण पदक प्रदान किए जाएंगे, जबकि अन्य व्यावसायिक पाठ्यक्रमों में कुल 19 विद्यार्थियों को स्वर्ण पदक प्रदान किए जाएंगे।

### आमंत्रण समिति के समन्वयक ने किया छात्र संघ के प्रतिनिधियों के साथ बैठक



**दुमका :** शनिवार को स्नातकोत्तर राजनीति विज्ञान विभाग में विभिन्न छात्र संघों के प्रतिनिधियों के साथ दीक्षांत समारोह के आमंत्रण समिति के समन्वयक डॉ. अजय सिन्हा की अध्यक्षता में बैठक हुई जिसमें 24 सितंबर 2024 को होने वाले दीक्षांत समारोह के सफल आयोजन पर चर्चा की गई। बैठक में उपस्थित छात्र संघ के प्रतिनिधियों ने मांग की कि टॉपरों की उत्तर पुस्तिका और कुछ पीएचडी शोधार्थियों की थीसिस सार्वजनिक की जाए ताकि शिक्षक और छात्र उसे देख सकें और मूल्यांकन प्रक्रिया में पारदर्शिता आए। साथ ही सभी ने कहा कि दीक्षांत समारोह विश्वविद्यालय परिसर में हो और उसमें उस सत्र के सभी छात्र-छात्राओं के साथ अभिभावकों को भी आमंत्रित किया जाए तथा दीक्षांत समारोह में होने वाले खर्च की जानकारी सार्वजनिक की जाए और शुरूआत में छात्र-छात्राओं और छात्र प्रतिनिधियों के साथ बैठक कर पूरे कार्यक्रम पर चर्चा की जाए। मालूम हो कि गुरुवार को दीक्षांत समारोह के आमंत्रण समिति के संयोजक और डॉ. शम्स तबरेज खान ने भी विभिन्न छात्रावासों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक कर समारोह के सफल आयोजन पर चर्चा की थी। बैठक में उर्दू विभागाध्यक्ष डॉ. शम्स तबरेज खान, छात्र नेता श्यामदेव हेम्ब्रम, अभिषेक गुप्ता, अमन कुमार साह, धनंजय कुमार, मनोज सोरेन, संदीप मिर्धा, अजरुद्दीन अंसारी, राकेश मिश्रा, विमल हेम्ब्रम, राजीव बास्की आदि मौजूद थे।

### भाजपा सांसद विवेक ठाकुर ने लिया विभिन्न व्यवस्थाओं का जायजा

**दुमका :** भारतीय जनता पार्टी द्वारा आयोजित परिवर्तन यात्रा के अंतर्गत 30 सितंबर को दुमका के आउटडोर स्टेडियम में जनसभा का आयोजन किया जा रहा है। इस महत्वपूर्ण कार्यक्रम की तैयारियों का निरीक्षण शनिवार को नवादा के भाजपा सांसद एवं दुमका-जामताड़ा जिला क्लस्टर प्रभारी विवेक ठाकुर, प्रदेश उपाध्यक्ष डॉ. लुईस मरांडी, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य निवास मंडल, पार्टी के जिलाध्यक्ष गौरवकांत प्रसाद, जिला महामंत्री पवन केसरी, जिला उपाध्यक्ष विवेकानंद राय, और जिला मीडिया प्रभारी पिंटू अग्रवाल ने किया। पार्टी नेताओं ने जनसभा स्थल का निरीक्षण किया और सभा को ऐतिहासिक बनाने के लिए हर संभव प्रयास करने पर जोर दिया।




# वेब सीरीज 'आदि शंकराचार्य' का पोस्टर हुआ लॉन्च

भारतीय सांस्कृतिक इतिहास की महागाथा 'आदि शंकराचार्य' का पोस्टर जारी कर दिया गया है। इस सीरीज को 'आर्ट ऑफ़ लिविंग' ने प्रस्तुत किया है। श्रीश्री पब्लिकेशन ट्रस्ट और ओएनएम मल्टीमीडिया ने इसे प्रोड्यूस किया है। इस भव्य सीरीज के लेखक और निर्देशक ओंकार नाथ मिश्रा हैं। सीरीज में हमारे राष्ट्र के सबसे बड़े महानायक श्री आदि शंकराचार्य के जीवन और कार्यों को भव्यता से चित्रित किया गया है जिन्होंने राष्ट्र के नव-निर्माण का कार्य करते हुए चारों दिशाओं में भारतवर्ष की सीमाओं को सुरक्षित किया था। सीरीज के पहले सीजन में कुल 10 एपिसोड हैं, जिसमें बालक श्री शंकर के जन्म से संन्यास तक की प्रमुख घटनाओं को दर्शक देख पाएंगे। लेखक निर्देशक ओंकार नाथ मिश्रा ने टेलीविजन और फिल्मों के कई स्थापित कलाकारों के साथ इस कहानी को फिल्माया है। सीरीज में बालक आदि शंकराचार्य का किरदार अर्नव खानिजो निभा रहे हैं। सोनी टीवी के शो यशोमति मैया में देवकी का किरदार निभाने वाली सुमन गुप्ता और जी टीवी के शो रामायण में राम का किरदार निभाने वाले गगन मलिक, संदीप मोहन, योगेश महाजन, कुणाल सिंह राजपूत और अरुण शेखर जैसे टेलीविजन और फ़िल्म के बड़े और स्थापित कलाकार इस सीरीज में नजर आएंगे। फिल्म गदर 2 में मुख्य खलनायक की भूमिका निभाने वाले मनीष वाधवा भी इसमें प्रमुख किरदार में नजर आएंगे लेकिन उनका किरदार इस सीरीज के दूसरे सीजन में दर्शक देख पाएंगे। वेब सीरीज 'आदि शंकराचार्य' के लेखक निर्देशक ओंकार नाथ मिश्रा बताते हैं, 'विश्व आज फिर धार्मिक उन्माद, आतंकवाद, सम्प्रदायवाद, जातिवाद, अलगाववाद, अवसरवादिता, छल, कपट, धोखा, अविश्वास जैसी अनेकों समस्याओं से जूझ रहा है और श्री शंकर का अद्वैत दर्शन इन सभी समस्याओं का एकमात्र उत्तर है। आठवीं शताब्दी सामाजिक, राजनैतिक और आध्यात्मिक स्तर पर भारतवर्ष के लिए घोर अंधकार और पतन का युग था। अपने राष्ट्र धर्म और संस्कृति की ऐसी स्थिति को देख आठ वर्षीय बालक शंकर राष्ट्र के सामाजिक, राजनीतिक और आध्यात्मिक उत्थान के लिए निकल पड़े। सीरीज की शूटिंग बंगलौर और केरल के मनोरम लोकेशन के साथ ही मुंबई के स्टूडियोज में भी हुई है। 'आदि शंकराचार्य' वेब सीरीज के पहले सीजन को ओटीटी पर जल्द ही रिलीज किया जाएगा।

# बॉलीवुड से गायब हुई थी रिमी सेन ? एक्ट्रेस ने बताई सच्चाई



फिल्म हंगामा से मशहूर हुई एक्ट्रेस रिमी सेन लंबे समय से सुर्खियों से और फिल्मों से दूर थी लेकिन हाल ही में वह खबरों में आयी क्योंकि उनकी कुछ तस्वीरें सोशल मीडिया वायरल हो रही थी और दावा किया जा रहा था कि उन्होंने अपनी चेहरे पर प्लास्टिक सर्जरी करवायी है। उन्होंने अपनी वायरल तस्वीरों पर रिएक्ट करते हुए कहा कि उन्होंने किसी भी तरह की प्लास्टिक सर्जरी नहीं करवायी है। वह फोटो के लिए केवल बोटॉक्स यूज करती हैं। रिमी सेन ने प्लास्टिक सर्जरी की अफवाहों पर हंसते हुए हवा में उड़ा दिया। लेकिन उनकी ताजा तस्वीरों और उनके बदले हुए लुक ने लोगों को यह विश्वास दिला दिया था कि उन्होंने सर्जरी करवा ली है।

## रिमी सेन बॉलीवुड से क्यों गायब हुई?

रिमी सेन के बारे में अगर बात की जाए तो रिमी सेन को बॉलीवुड की फिल्मों जैसे धूम, हंगामा, गोलमाल, दीवाने हुए पागल, फिर हेरा फेरी और जॉनी गद्दार में उनकी भूमिकाओं के लिए जाना जाता है। वह सलमान खान के बिग बॉस का भी हिस्सा थीं और राष्ट्रीय पुरस्कार विजेता फिल्म बुधिया सिंह : बॉर्न टू रन के सह-निर्माता के रूप में जुड़ी हुई हैं। आज हम आपको उनके एक पुराने इंटरव्यू के बारे में बताते हैं जिसमें उन्होंने अपने को-स्टार्स जो एक सुपरस्टार भी थे उन्हें लेकर खुलासा किया। इंटरव्यू में उन्होंने हिंदी फिल्मों से अचानक गायब होने के पीछे की वजह का खुलासा किया था।

## रिमी सेन का बॉलीवुड से अचानक गायब होने के कारण से जोड़ा सुपरस्टार्स का नाम

हिंदुस्तान टाइम्स से बात करते हुए रिमी ने कहा था, मैं कॉमेडी फ़िल्में करके थक गई थी, वहाँ मेरे लिए ज़्यादा रोल नहीं हुआ करते थे। मेरा सिर्फ़ फ़र्नीचर रोल होता था। मुझे हंगामा और जॉनी गद्दार जैसी कुछ ही फ़िल्मों में अच्छे रोल मिले, लेकिन बाद वाली फ़िल्म नहीं चली और मैं इसी तरह का काम करना चाहती थी। जब उनसे संपर्क में रहने या सह-कलाकारों अजय देवगन, अक्षय कुमार से मार्गदर्शन मांगने के बारे में पूछा गया, तो उन्होंने जवाब दिया, 'मैं किसी से मदद नहीं माँग सकती। जब तक गिड़गिड़ाओ नहीं, मदद नहीं मिलती। दूसरे लोग अपने फ़ायदे के बारे में क्यों नहीं सोचते? कोई किसी की मदद करने के लिए अपनी राह से क्यों हटेगा?' उन्होंने कहा इस इंडस्ट्री में दांव वाकई बहुत ऊंचे हैं।

# खेसारीलाल यादव की फिल्म 'अवैध' का फर्स्ट लुक जारी




भोजपुरी सिनेमा के ट्रेंडिंग स्टार खेसारीलाल यादव की नई फिल्म 'अवैध' का फर्स्ट लुक पोस्टर रिलीज हो चुका है और सोशल मीडिया पर काफी चर्चा में है। फिल्म के पोस्टर में खेसारीलाल यादव कट्टा बनाते हुए दिखाई दे रहे हैं, जो फिल्म की कहानी के गंभीर और ग्राउंडेड टोन को दर्शाता है। फिल्म के निर्माता आदित्य कुमार झा और निर्देशक नीरज रणधीर हैं, जबकि खेसारीलाल यादव के साथ अपर्णा मलिक इस फिल्म में मुख्य भूमिका निभा रही हैं। खेसारीलाल ने फिल्म के फर्स्ट लुक को लेकर कहा कि यह फिल्म मेरे लिए बहुत खास है, क्योंकि इसमें मेरा किरदार मेरी पिछली फिल्मों से पूरी तरह अलग है। इस फिल्म की कहानी समाज के कुछ ऐसे स्याह पहलुओं को उजागर करती है, जिन्हें अक्सर नजरअंदाज किया जाता है। फर्स्ट लुक में जो पोस्टर देखा जा रहा है, वह फिल्म के संघर्ष और सामाजिक असमानता की झलक दिखाता है। मेरे किरदार की यात्रा चुनौतीपूर्ण है और मुझे यकीन है कि दर्शक इसे पसंद करेंगे। उन्होंने कहा कि 'अवैध' केवल एक मनोरंजक फिल्म नहीं है, बल्कि यह समाज में हो रहे अन्याय और शोषण के खिलाफ उठने वाली आवाज है। मैं इस फिल्म से दर्शकों के दिलों तक अपनी बात पहुंचाने का प्रयास करूंगा। खेसारीलाल ने फिल्म से जुड़े सभी कलाकारों और टीम के योगदान की भी सराहना की और कहा कि यह फिल्म भोजपुरी सिनेमा में एक नया आयाम जोड़ने जा रही है। 'अवैध' फिल्म का फर्स्ट लुक आते ही खेसारीलाल यादव के फैंस में खासा उत्साह है और यह फिल्म भोजपुरी सिनेमा में एक नया मुकाम स्थापित करने की उम्मीद जताई जा रही है। खेसारीलाल का यह पोस्टर उनके फैंस को एक अलग अवतार में दिखा रहा है। फिल्म के पोस्टर में कट्टा बनाते खेसारीलाल का यह रूप उनके किरदार के संघर्षों और सामाजिक ढांचे के खिलाफ बगावत को दर्शाता है, जो दर्शकों के लिए एक नया अनुभव साबित हो सकता है।

**शाहरुख खान-प्रीति ज़िंटा की फ़िल्म 100 करोड़ क्लब में शामिल**

# दोबारा रिलीज पर हुई छप्पर फाड़ कमाई

यश चोपड़ा द्वारा निर्देशित और शाहरुख खान, प्रीति जिंटा और रानी मुखर्जी अभिनीत वीर ज़ारा अब तक की सबसे ज़्यादा पसंद की जाने वाली भारतीय फ़िल्मों में से एक है। दिवाली 2004 में एक बड़ी टक्कर के बावजूद, वीर ज़ारा भारत, विदेशों के साथ-साथ दुनिया भर में साल की सबसे ज़्यादा कमाई करने वाली भारतीय फ़िल्म बन गई। वीर ज़ारा मूल रूप से 2004 में सिनेमाघरों में रिलीज़ हुई थी और इसके निर्माताओं ने इसे 13 सितंबर, 2024 को फिर से रिलीज़ किया। 2004 में अपनी मूल रिलीज़ के बाद, वीर ज़ारा ने वैश्विक स्तर पर 98 करोड़ रुपये की कमाई की, जिसमें विदेशी बाज़ार से 37 करोड़ रुपये का योगदान था। फ़िल्म को पहले भी कई बार फिर से रिलीज़ किया जा चुका है और 2005 से 2023 के दौरान इसने 2 .5 करोड़ रुपये की कमाई की। इस साल फरवरी में इसने 30 लाख रुपये कमाए और वर्तमान में रोमांटिक ड्रामा फ़िल्म ने अब तक 1.80 करोड़ रुपये की कमाई की है। फ़िल्म समीक्षक और ट्रेड एनालिस्ट तरण आदर्श की हालिया पोस्ट के अनुसार, वीर ज़ारा का कुल सकल संग्रह वर्तमान में 102 .60 करोड़ रुपये है। वीर ज़ारा के बारे में वीर ज़ारा में शाहरुख खान भारतीय वायु सेना के पायलट वीर की भूमिका में हैं और प्रीति जिंटा पाकिस्तान की महिला ज़ारा की भूमिका में हैं। उनकी प्रेम कहानी तब सामने आती है जब वीर ज़ारा को भारत आने के दौरान बचाता है, और अलग-अलग राष्ट्रीयताओं के बावजूद उनके बीच एक गहरा रिश्ता बन जाता है।

हालाँकि, परिस्थितियाँ उन्हें अलग कर देती हैं, और वीर को पाकिस्तान में कैद कर लिया जाता है। सालों बाद, रानी मुखर्जी द्वारा अभिनीत एक युवा वकील, वीर की आज़ादी के लिए लड़ता है। फ़िल्म में प्रेम, बलिदान और एकता के विषयों को खूबसूरती से दर्शाया गया है, जिसमें दिवंगत मदन मोहन द्वारा संगीतबद्ध किया गया है।





**2004 में अपनी मूल रिलीज़ के बाद, वीर ज़ारा ने वैश्विक स्तर पर 98 करोड़ रुपये की कमाई की,**

**2005 से 2023 के दौरान इसने 2.5 करोड़ रुपये की कमाई की।**

**18 झारखंड राज्य स्तरीय जूनियर एथलेटिक्स चैंपियनशिप**

# विजेताओं को मिलेगा भुवनेश्वर में झारखंड के प्रतिनिधित्व का मौका



**रांची :** भारतीय एथलेटिक्स संघ, नई दिल्ली के निदेश के आलोक में झारखंड एथलेटिक्स संघ एवम रामगढ़ एथलेटिक्स संघ के संयुक्त तत्वावधान में 28 व 29 सितंबर को रामगढ़ के रजरप्पा डीएवी मैदान स्टेडियम में दो दिवसीय 18वीं झारखंड राज्य स्तरीय जूनियर एथलेटिक्स चैम्पियनशिप का आयोजन किया जाएगा. इसमें बालक एवम बालिका वर्ग के लिए आयु वर्ग अंडर 14 वर्ष, 16 वर्ष, 18 वर्ष, 20 वर्ष निर्धारित किया गया है. उनके लिए विभिन्न स्पर्धा का आयोजिन किया जाएगा. झारखंड एथलेटिक्स संघ के सचिव शिव कुमार पांडेय के मुताबिक प्रतियोगिता में झारखंड राज्य के सभी 24 जिला के लगभग एक हजार खिलाड़ियों के भाग लेने की संभावना है. इस प्रतियोगिता से चयनित एथलीट 7-9 अक्टूबर को भुवनेश्वर में आयोजित 35वीं पूर्वी क्षेत्र जूनियर एथलेटिक्स चैम्पियनशिप में झारखंड राज्य का प्रतिनिधित्व करेगें. 18वीं झारखंड राज्य स्तरीय जूनियर एथलेटिक्स चैम्पियनशिप में भाग लेने वालों को ऑन लाइन इंट्री भेजनी होगी. इसके लिए सभी एथलीट का एएफआई यूआईडी आईडी ना आवश्यक है. सभी जिला की टीम 27 सितंबर की शाम तक रजरप्पा स्टेडियम में रिपोर्ट करेगी।

# आईपीएल 2025 में ऋतुराज गायकवाड़ ही होंगे सीएसके के कप्तान

एजेंसी

**नयी दिल्ली :** आईपीएल 2025 के मेगा ऑक्शन के बाद कई टीमों के कप्तान बदलेंगे. ऐसे में चेन्नई सुपर किंग्स को लेकर रिपोर्ट्स सामने आ रही हैं कि सीएसके ऋतुराज गायकवाड़ को कप्तानी से हटा सकती है. मगर, आज हम आपको इस आर्टिकल में 3 ऐसी वजहों के बारे में बताते हैं, जिसके चलते चेन्नई की टीम गायकवाड़ को कप्तानी से हटाने की गलती कभी नहीं करेगी। ऋतुराज गायकवाड़ पिछले 6 सीजन से चेन्नई सुपर किंग्स का हिस्सा हैं. उन्होंने 2019 में सीएसके के जरिए ही आईपीएल डेब्यू किया. गायकवाड़ ने सीएसके के लिए अब तक आईपीएल में 66 मैच खेले हैं, जिसमें 136.86 की स्ट्राइक रेट और 41.75 के औसत से 2380 रन बना रहे हैं. इस दौरान उन्होंने 2 शतक और 18 अर्धशतक लगाए हैं. वह एक शानदार बल्लेबाज हैं और लगातार अपनी टीम के लिए रन बना रहे हैं. आईपीएल 2023 में जब चेन्नई ने ट्रॉफी उठाई, तो उसमें गायकवाड़ का अहम योगदान रहा। ऋतुराज गायकवाड़ भारत की युवा टीम की कप्तानी कर चुके हैं. गायकवाड़ ने एशियन गेम्स 2023 में भारत को गोल्ड मेडल जिताया था. अब तक वह 3 टी-20 मैचों में टीम इंडिया की कप्तानी कर चुके हैं, जिसमें 2 में जीत



दिलाई है और एक मैच बेनतीजा रहा. इतना ही नहीं वह घरेलू स्तर पर भी कप्तानी कर चुके हैं. कुल मिलाकर गायकवाड़ अभी युवा हैं, उसके बावजूद उनके पास कैप्टेंसी का काफी अनुभव है। चेन्नई सुपर किंग्स ने आईपीएल 2024 में एमएस धोनी के उत्तराधिकारी के रूप में ऋतुराज गायकवाड़ को चुना गया और टीम की कप्तानी सौंपी गई. 14 मैचों में सीएसके की कप्तानी की, जहां 7 मैचों में वह टीम को जीत दिला पाए और 7 मैचों में टीम को हार का सामना करना पड़ा. गायकवाड़ की कप्तानी में चेन्नई प्लेऑफ के लिए भी क्वालीफाई नहीं कर सकी और 5वें स्थान पर रहते हुए टूर्नामेंट से बाहर हुई थी. मगर, एक सीजन के प्रदर्शन के आधार पर जज नहीं किया जाना चाहिए. अभी तो वह गायकवाड़ युवा हैं और उनके पास लंबे वक्त तक टीम की कमान संभालने का मौका है।

# ऋषभ पंत नहीं छोड़ेंगे दिल्ली कैपिटल्स की कप्तानी

एजेंसी



**नयी दिल्ली :** लल्ली कैपिटल्स के कप्तान ऋषभ पंत को लेकर पिछले काफी समय से अटकलें लग रही हैं कि वह आईपीएल 2025 में चेन्नई सुपर किंग्स का दामन थाम सकते हैं। पंत लंबे समय से दिल्ली कैपिटल्स का हिस्सा हैं। वह फ्रेंचाइजी के कप्तान भी हैं, पंत ने रविवार को इंडिया वर्सेस बांग्लादेश पहले टेस्ट में शानदार सेंचुरी जमाई जिसके बाद एक बड़ा अपडेट सामने आया है। बताया जा रहा है कि पंत डीसी को नहीं छोड़ेंगे। वह मेगा ऑक्शन से पहले टॉप रिटेंशन चॉइस होंगे क्रिकबज की रिपोर्ट के मुताबिक, पंत को दिल्ली कैपिटल्स द्वारा रिटेन किया जाना तय है, जिससे टीम के साथ उनके भविष्य को लेकर अटकलों पर विराम लग गया है। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड यानी बीसीसीआई ने अभी तक रिटेंशन नियमों की घोषणा नहीं की है। हालांकि, दिल्ली कैपिटल्स के सूत्रों ने बताया कि पंत फ्रेंचाइजी की टॉप रिटेंशन चॉइस होंगे। मुंबई में पंत और को-ऑर्नर पार्थ जिंदल के बीच हाल ही में हुई मीटिंग के बाद ये निर्णय लिया गया। पंत की आईपीएल सैलरी फिलहाल 16 करोड़ रुपये है। ये आंकड़ा बढ़ने की उम्मीद है। पंत आईपीएल 2016 से दिल्ली फ्रेंचाइजी के लिए खेल रहे हैं। उन्होंने दिल्ली की ओर से ही आईपीएल डेब्यू किया था। डीसी आईपीएल 2024 में छठे स्थान पर रही थी। वह कार एक्सीडेंट के कारण आईपीएल 2023 में नहीं खेले थे।

न्यूज IN ब्रीफ

## सड़क हादसे में राज्यसभा सांसद बराला घायल



**चंडीगढ़।** हरियाणा के राज्यसभा सांसद सुभाष बराला शनिवार रात हुए सड़क हादसे में घायल हो गए। उन्हें हिसार के अस्पताल में भर्ती कराया गया है। बराला को कमर, गर्दन और हाथ पर चोट आई है। हादसे में ड्राइवर को भी चोटें लगी हैं। भाजपा प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य टोनी बराला ने बताया कि लोहारू विधानसभा क्षेत्र में पार्टी प्रत्याशी जेपी दलाल के पक्ष में बराला के 7 से 8 गांवों में कार्यक्रम थे। अंतिम कार्यक्रम सिधनवा गांव में था। यहां से वे हिसार आ रहे थे। इस दौरान शेरपुरा गांव के पास गाड़ी ब्रेकर पर अनियंत्रित होकर सड़क किनारे पेड़ से जा टकराई। बराला ड्राइवर के साथ आगे बैठे थे। गाड़ी धीरे चल रही थी, जिससे बचाव हो गया है। बराला ने सीट बेल्ट लगा रखी थी। उन्हें एंबुलेंस में हिसार के निजी अस्पताल में भर्ती करवाया गया। उन्हें दाएं हाथ, गर्दन और कमर में चोट आई है। बराला की सभी रिपोर्ट ठीक हैं। हादसे के बाद रविवार सुबह पूर्व कैबिनेट मंत्री व हिसार से भाजपा प्रत्याशी डॉ. कमल गुप्ता भी बराला का हालचाल जानने अस्पताल पहुंचे।

## मुख्यमंत्री डॉ यादव ने 'अंतरराष्ट्रीय बेटी दिवस' की समस्त प्रदेशवासियों को दी हार्दिक शुभकामनाएं

**भोपाल।** आज यानि रविवार को अंतर्राष्ट्रीय बालिका दिवस है। अंतर्राष्ट्रीय बेटी दिवस मनाने का मुख्य उद्देश्य महिलाओं के सामने आने वाली चुनौतियों और उनके अधिकारों के संरक्षण के बारे में जागरूकता पैदा करना है, यह दिन इसलिए भी महत्वपूर्ण है, क्योंकि यह लिंग-आधारित चुनौतियों को समाप्त करता है। मुख्यमंत्री डॉ यादव ने इस अवसर पर प्रदेशवासियों को बधाई दी है। मुख्यमंत्री डॉ यादव ने सोशल मीडिया एक्स पर पोस्ट कर लिखा झरने सी चंचल, नदी सी निर्मल होती हैं बेटियां, श्री की छवि, शक्ति का स्वरूप होती हैं बेटियां, नेह की शीतल छांव हैं, कभी कोमल, कभी शौर्य का प्रतीक होती हैं बेटियां। 'अंतरराष्ट्रीय बेटी दिवस' की समस्त प्रदेशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं। बेटियां हमारी सृष्टि का आधार हैं। हम सभी मिलकर बेटियों की शिक्षा एवं उनके उज्ज्वल भविष्य का संकल्प लें व उन्हें आत्मनिर्भर बनाने के लिए हरसंभव प्रयत्न करें।

## मुख्यमंत्री डॉ यादव आज जम्मू के चुनावी दौरे पर, भाजपा प्रत्याशियों के समर्थन में करेंगे प्रचार

**भोपाल।** जम्मू-कश्मीर में हो रहे विधानसभा चुनाव के लिए सभी दलों के नेता जोर-शोर से चुनाव प्रचार में जुटे हुए हैं। इसी क्रम में मप्र के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव भी आज (रविवार को) जम्मू के चुनावी दौरे पर रहेंगे। वे यहां सांबा विधानसभा के भाजपा उम्मीदवार सुरजीत सिंह सलाथिया के समर्थन में जनसभा को संबोधित करेंगे। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार, मुख्यमंत्री डॉ यादव पूर्वान्ह 11 बजे भोपाल से विमान द्वारा प्रस्थान कर दोपहर 12.12 बजे जम्मू एयरपोर्ट पहुंचेंगे और वहां से मॉडर्न एजुकेशन इंस्टीट्यूट, घगवाल, जिला सांबा पहुंचकर जनसभा को संबोधित करेंगे। इसके बाद वे शाम चार बजे गुर्हा सलाठिया के रामलीला मैदान में आयोजित जनसभा को संबोधित करेंगे। मुख्यमंत्री डॉ यादव शाम छह बजे जम्मू से भोपाल के लिए प्रस्थान करेंगे।

## देश के सबसे स्वच्छ शहर में आज 'नो कार डे', इंदौर की सड़कों पर नहीं दिखेगी कारें,

**इंदौर।** देश का सबसे स्वच्छ शहर इंदौर पर्यावरण संरक्षण की दिशा में भी आगे कदम बढ़ा रहा है। इसी क्रम में आज (रविवार को) इंदौर में ह्यनो कार डेह्न रहेगा। यानी शहर की सड़कों पर आज कारें दिखाई नहीं देंगी। स्थानीय प्रशासन ने नागरिकों से कार छोड़कर परिवहन के अन्य साधनों का इस्तेमाल करने की अपील की है। दरअसल, पिछले साल इंदौर में 22 सितंबर को ही नो-कार डे मनाया गया था। उस दौरान शहर में कुल कारों की तुलना में 12 फीसदी कारें सड़कों पर कम निकली थीं। इंदौर महापौर पुष्यमित्र भार्गव ने बताया कि पिछले साल ह्यनो कार डेह्न पर 12 फीसदी कारें कम चलने से करीब 80 हजार लीटर ईंधन की बचत हुई। सल्फर मोनो ऑक्साइड का उत्सर्जन 5.5 फीसद कम हुआ और कुल मिलाकर 18 प्रतिशत वायु प्रदूषण घटा। उन्होंने नागरिकों से पिछले वर्ष की सफलता को ध्यान में रखते हुए ह्यनो कार डेह्न पर साइकिल, ई-रिक्शा और सार्वजनिक परिवहन के अन्य साधनों का इस्तेमाल करने की अपील की है। गौरतलब है कि शहर में रोजाना करीब 4 लाख 15 हजार 794 कारें और 3 हजार 992 टैक्सी चलती है। क्लीन एयर कैटलिस्ट की रिसर्च का दावा है कि इंदौर की वायु गुणवत्ता बिगाड़ने में वाहनों के प्रदूषण और सड़क पर उड़ने वाली धूल की सर्वाधिक 70 फीसद हिस्सेदारी है। क्लीन एयर कैटलिस्ट के वरिष्ठ वायु गुणवत्ता वैज्ञानिक डॉ. प्रकाश दुरईस्वामी ने कहा कि हम देख रहे हैं कि वाहनों का धुआं शहर की वायु गुणवत्ता को बिगाड़ रहा है। नो कार डे जैसी पहल में भाग लेने से हमें परिवहन के वैकल्पिक साधनों का इस्तेमाल और शहर का वायु प्रदूषण घटाने का मौका मिलेगा।

## 23 सितंबर से आयुष्मान भारत कार्ड बनाना प्रारंभ करें : डीएम

**पूर्णिया।** पूर्णिया के जिला पदाधिकारी ने आयुष्मान भारत और मुख्यमंत्री जन आरोग्य योजना के तहत कार्ड बनाने के विशेष अभियान की समीक्षा बैठक की। बैठक में जिला आपूर्ति पदाधिकारी, जिला पंचायत राज पदाधिकारी, डीपीएम राज्य स्वास्थ्य समिति और डीपीसी आयुष्मान भारत सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित थे। जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि 23 से 25 सितंबर 2024 तक सभी जन वितरण प्रणाली दुकानों पर सुबह 8 बजे से आयुष्मान भारत कार्ड बनाने का काम शुरू किया जाए। उन्होंने वीएलई की समय पर उपस्थिति सुनिश्चित करने और लापरवाही बरतने वालों के खिलाफ कार्रवाई करने का आदेश दिया।पंचायती राज प्रतिनिधियों, जीविका दीदियों और आशा कार्यकताओं को पात्र लाभार्थियों को कार्ड बनवाने के लिए प्रोत्साहित करने का निर्देश दिया गया। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों के वाहनों का उपयोग योजना के प्रचार-प्रसार के लिए करने को कहा गया। जिलाधिकारी ने स्पष्ट किया कि राशन कार्ड में दर्ज सभी सदस्यों का आयुष्मान कार्ड बनेगा, न कि केवल परिवार के मुखिया का। उन्होंने बताया कि आयुष्मान कार्डधारक प्रति वर्ष 5 लाख रुपये तक का निःशुल्क इलाज संबद्ध सरकारी और निजी अस्पतालों में करवा सकते हैं। सरकार का लक्ष्य सभी छूटे हुए पात्र लाभार्थियों को मुख्यमंत्री जन आरोग्य योजना से आच्छादित करना है। इसलिए इस विशेष अभियान के दौरान अधिक से अधिक लोगों का कार्ड बनाने पर जोर दिया गया।

# प्रधानमंत्री मोदी ने इंडो-पैसिफिक क्षेत्र में कैंसर के निदान के लिए 7.5 मिलियन अमेरिकी डॉलर के अनुदान की घोषणा की

एजेंसी



**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने विलमिंगटन, डेलावेयर में क्वाड लीडर्स समिट के दौरान राष्ट्रपति जो बाइडेन द्वारा आयोजित क्वाड कैंसर मूनशॉट कार्यक्रम में भाग लिया। इस दौरान इंडो-पैसिफिक क्षेत्र में कैंसर परीक्षण, स्क्रीनिंग और निदान के लिए 7.5 मिलियन अमेरिकी डॉलर के अनुदान की घोषणा की। इस अवसर पर प्रधानमंत्री ने सर्वाइकल कैंसर की रोकथाम, रोग का पता लगाने और उपचार के उद्देश्य से राष्ट्रपति बाइडेन की इस विचारशील पहल की गहराई से सराहना की। उन्होंने कहा कि यह कार्यक्रम इंडो-पैसिफिक देशों में लोगों को सस्ती, सुलभ और गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवा प्रदान करने में लंबा रास्ता तय करेगा। उन्होंने कहा कि भारत देश में बड़े पैमाने पर सर्वाइकल कैंसर स्क्रीनिंग कार्यक्रम भी चला रहा है। भारत के स्वास्थ्य सुरक्षा प्रयासों की बात करते हुए, उन्होंने उल्लेख किया कि देश ने सर्वाइकल कैंसर का टीका विकसित किया है और इस बीमारी के लिए एआई आधारित उपचार प्रोटोकॉल पर काम कर रहा है। कैंसर मूनशॉट पहल में भारत के योगदान के रूप में प्रधानमंत्री ने यह भी घोषणा की कि भारत इंडो-पैसिफिक में कैंसर की रोकथाम के लिए रेडियोथेरेपी उपचार और क्षमता निर्माण के लिए सहायता प्रदान करेगा। उन्होंने यह भी उल्लेख किया कि GAVI और QUAD कार्यक्रमों के तहत भारत से वैक्सीन की 40 मिलियन खुराक की आपूर्ति से इंडो-पैसिफिक देशों को लाभ होगा। प्रधानमंत्री ने कहा, 'जब क्वाड कार्य करता है, तो यह केवल राष्ट्रों के लिए नहीं होता है, यह लोगों के लिए होता है और यही इसके मानव-केंद्रित दृष्टिकोण का वास्तविक सार है।' भारत डबल्यूएचओ की डिजिटल स्वास्थ्य पर वैश्विक पहल में अपने 10 मिलियन अमेरिकी डॉलर के योगदान के माध्यम से कैंसर की जांच, देखभाल और निरंतरता के लिए डीपीआई पर इंडो-पैसिफिक क्षेत्र में इच्छुक देशों को तकनीकी सहायता भी प्रदान करेगा। कैंसर मूनशॉट पहल के माध्यम से क्वाड नेताओं ने इंडो-पैसिफिक देशों में गर्भाशय ग्रीवा के कैंसर की देखभाल और उपचार पारिस्थितिकी तंत्र में अंतराल को दूर करने के लिए मिलकर काम करने की प्रतिबद्धता जताई। इस अवसर पर एक संयुक्त कैंसर मूनशॉट फैक्ट शीट जारी की गई।

## श्रीलंका के अगले राष्ट्रपति की दौड़ में दिसानायके सबसे आगे, मौजूदा राष्ट्रपति विक्रमसिंघे पीछे

एजेंसी



**कोलंबो।** नेशनल पीपुल्स पावर (एनपीपी) के नेता अनुरा कुमारा दिसानायके के श्रीलंका के नौवें राष्ट्रपति बनने के स्पष्ट संकेत मिल रहे हैं। दिसानायके ने अपने प्रतिद्वंद्वियों से अजेय बढ़त बना ली है। पार्टी महासचिव डॉ. निहाल अबेसिंघे के मुताबिक अंतिम चुनाव परिणाम अगर अनुरा कुमारा दिसानायके के पक्ष में घोषित किए गए तो शपथ ग्रहण आज भी हो सकता है। राजनीतिक अस्थिरता और आर्थिक तबाही के बाद श्रीलंका में रविवार को मतदान हुआ और देर शाम मतों की गिनती शुरू हुई। 21 सितंबर को सुबह 7 बजे से शाम 4 बजे तक 22 चुनावी जिलों में 13,400 से ज्यादा मतदान केंद्रों पर मतदान हुआ। इस चुनाव में 75 फीसदी मतदान हुआ। मतदान के तुरंत बाद पूरे देश में कर्फ्यू लगा कर मतगणना शुरू कर दी गई। मतों की गिनती में दिसानायके सबसे आगे चल रहे हैं। उन्हें 56 प्रतिशत वोट मिले हैं। उनके प्रतिद्वंद्वी मौजूदा राष्ट्रपति रानिल विक्रमसिंघे और साजिथ प्रेमदासा को 19-19 प्रतिशत वोट मिले हैं।

डेली मिरर के मुताबिक एनपीपी महासचिव डॉ. निहाल अबेसिंघे ने बताया कि नतीजे जारी होने में देरी के कारण शपथ ग्रहण के समय की पुष्टि नहीं की जा सकती। उन्होंने कहा कि एनपीपी नेता अनुरा कुमारा दिसानायके श्रीलंका के नौवें राष्ट्रपति बनने की ओर अग्रसर हैं। एनपीपी नेता अनुरा कुमारा दिसानायके भारत विरोधी माने जाते हैं। कई मौकों पर वे भारत का विरोध कर चुके हैं और 2022 में श्रीलंका संकट के बाद से उन्हें काफी लोकप्रियता मिली। वामपंथी विचारधारा के कारण चीन के प्रति उनका झुकाव माना जाता है।

## आरएसपुरा की अंतरराष्ट्रीय सीमा पर घुसपैठ की कोशिश नाकाम

एजेंसी



**जम्मू।** सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) ने आरएसपुरा की अंतरराष्ट्रीय सीमा पर घुसपैठ की कोशिश को नाकाम कर दिया। इस दौरान जवानों ने भारी मात्रा में हथियार और गोला-बारूद बरामद किया है। बीएसएफ प्रवक्ता ने बताया कि शनिवार और रविवार की दरम्यानी रात आरएसपुरा क्षेत्र में बीएसएफ जवानों ने घुसपैठ की कोशिश को नाकाम कर दिया। उन्होंने बताया कि बीएसएफ जवानों ने अंधेरे की आड़ में बाड़ के पास घुसपैठिए की संदिग्ध हरकत देखी लेकिन बीएसएफ जवानों ने उसकी कोशिश को नाकाम कर दिया। प्रवक्ता ने बताया कि रविवार सुबह इलाके की गहन तलाशी ली गई जिसमें एक एके असॉल्ट राइफल, दो मैगजीन, 17 राउंड, दो पिस्तौल, चार मैगजीन और 20 राउंड बरामद हुए। आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि शनिवार देर रात सीमा पार से इस तरफ घुसपैठ की कोशिश कर रहे एक घुसपैठिए की गतिविधि देखी तो बीएसएफ ने लाइट मशीनगन से कुछ राउंड फायरिंग की। हालांकि घुसपैठिया हथियार और गोला-बारूद छोड़ कर भाग गया। तलाशी के दौरान जवानों ने सभी हथियार कब्जे में ले लिए।

## अधीर के मुकाबले 'नरमपंथी' हैं बंगाल कांग्रेस के नए अध्यक्ष शुभंकर सरकार, तृणमूल से सुधरेंगे संबंध

एजेंसी




**कोलकाता।** कांग्रेस ने पश्चिम बंगाल प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष पद से अधीर रंजन चौधरी को हटाकर शुभंकर सरकार को नया अध्यक्ष नियुक्त किया है। शनिवार रात कांग्रेस ने इसकी घोषणा की। इसे बंगाल की राजनीति में बड़ा बदलाव माना जा रहा है।

मल्लिकार्जुन खड़गे के कांग्रेस अध्यक्ष बनने के बाद से प्रदेश कांग्रेस कमेटियों में बदलाव लगभग तय था। अधीर रंजन चौधरी, जो पिछले लोकसभा चुनाव में मुर्शिदाबाद से हारे थे, पहले ही संकेत दे चुके थे कि वे केवल 'अस्थायी अध्यक्ष' के रूप में काम कर रहे हैं। उनके हारने के बाद से ही कयास लगाए जा रहे थे कि प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष के पद पर किसे रखा जाएगा। आखिरकार, दिल्ली से अधीर को हटाने का निर्णय लिया गया और उनके स्थान पर शुभंकर सरकार को जिम्मेदारी सौंपी गई।

अधीर रंजन चौधरी तृणमूल कांग्रेस के खिलाफ मुखर रहे हैं और उन्होंने चुनाव में अपनी हार के लिए तृणमूल की रणनीति को जिम्मेदार ठहराया था। उन्होंने खुद सोनिया गांधी को बताया था कि मुर्शिदाबाद में तृणमूल ने सांप्रदायिक ध्रुवीकरण की राजनीति को एक अलग स्तर पर पहुंचा दिया था। उनका मानना था कि उनकी हार का प्रमुख कारण यही था।

राजनीतिक विश्लेषक मोइदुल इस्लाम ने रविवार को कहा कि कांग्रेस नेतृत्व ने तृणमूल के साथ अपने संबंधों को नरम करने के लिए अधीर को हटाकर शुभंकर सरकार को नया अध्यक्ष बनाया है। शुभंकर की छवि तृणमूल विरोधी न होकर, पार्टी के भीतर एक नरमपंथी के रूप में है। कांग्रेस के भीतर भी कई नेता यह मानते हैं कि बंगाल में कांग्रेस और तृणमूल के बीच संबंधों में नरमी आ सकती है।

### अधीर चौधरी ने काट दिया वेणुगोपाल का फोन

कांग्रेस नेता केसी वेणुगोपाल ने शनिवार रात अधीर को फोन कर उन्हें इस बदलाव की जानकारी दी और कहा, ₹आपको हटाया जा रहा है, कृपया इसे व्यक्तिगत तौर पर न लें।₹ इसके बाद, अधीर ने फोन काट दिया और फिर किसी नेता का फोन नहीं उठाया। अब बड़ा सवाल यह है कि शुभंकर सरकार के नेतृत्व में कांग्रेस और तृणमूल के बीच के संबंध कैसे होंगे? कांग्रेस के कई नेता यह मान रहे हैं कि तृणमूल के साथ संबंधों में नरमी आ सकती है।

## तिरुपति लड्डू विवाद पर पंडित धीरेन्द्र शास्त्री बोले ये सनातन के खिलाफ साजिश

एजेंसी

**भोपाल।** आंध्र प्रदेश में स्थित प्रसिद्ध श्री वेंकटेश्वर स्वामी मंदिर (तिरुपति मंदिर) के प्रसाद लड्डुओं को जिस घी से बनाया जा रहा था, उसमें जानवरों की चर्बी के इस्तेमाल की पुष्टि के बाद इस मामले में देशभर से कड़ी प्रतिक्रियाएं सामने आ रही हैं। बागेश्वर धाम के महंत पंडित धीरेन्द्र कृष्ण शास्त्री ने कहा कि इसे सनातन के खिलाफ साजिश बताया है। उन्होंने कहा है कि जैसा दावा किया जा रहा है, अगर ये सत्य है तो यह बहुत बड़ा अपराध है। उन्होंने दोषियों को फांसी की सजा देने की मांग की। पंडित धीरेन्द्र शास्त्री ने शनिवार को कहा कि यह निश्चित रूप से भारत के सनातनियों के खिलाफ सुनियोजित तरीके से किया गया षड्यंत्र है। इस प्रकार का कृत्य करके भारत के सनातनियों का धर्म भ्रष्ट करने की पूर्ण रूप से तैयारी की गई है। उन्होंने कहा कि हम तो चाहेंगे कि वहां की सरकार सख्त से सख्त कानून बनाकर उन दोषियों को फांसी की सजा दे। उन्होंने कहा कि अगर भगवान के प्रसाद में चर्बी या मछली के तेल का प्रयोग किया गया हैं, तो इससे बड़ा वर्तमान में भारत में कोई दूसरा दुर्भाग्य नहीं हो सकता। इसकी बारीकी से जांच होना चाहिए। सरकार को शीघ्र अति शीघ्र हिंदुओं के मंदिरों को हिंदू बोर्ड के अधीन कर देना चाहिए। उन्होंने कहा कि भारत में जितने भी तीर्थ स्थल हैं, वहां पर बारीकी से सभी सनातनी जांच करवाएं और दोबारा इस प्रकार की यह घटना न हो इसके लिए सभी एकजुट होकर तैयार रहें। वहीं, शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद महाराज ने कहा है कि यह भक्तों की भावनाओं के साथ सबसे बड़ा खिलवाड़ और अपराध है। भगवान के प्रसाद में अपवित्र घटक मिलाना समस्त हिंदू जन समुदाय के प्रति अपराध है। इस मामले पर उच्च स्तरीय कमेटी बनाकर जांच होना चाहिए और दोषियों को तत्काल गिरफ्तार कर सख्त सजा देनी चाहिए।

नेपाल की विदेश मंत्री ने कनाडा में पश्चिमी देशों से कहा

# महिला अधिकार और सम्मान के बारे में हमसे ले प्रेरणा

एजेंसी




**काठमांडू।** कनाडा में जारी विश्व भर के महिला विदेश मंत्रियो की बैठक में पश्चिमी देशों के प्रतिनिधियों ने जब यह कहा कि महिलाओं के अधिकार और सम्मान को लेकर एशियाई देशों को हमसे सीखना चाहिए तो मंच पर बैठी नेपाल की विदेश मंत्री ने पश्चिमी देशों की विदेश मंत्रियों को आड़े हाथों लिया।

कनाडा की विदेश मंत्री ने टोरंटो में शुक्रवार और शनिवार को एक सम्मेलन का आयोजन किया है, जिसमें दुनिया भर में जिन देशों में विदेश मंत्रालय का काम महिला के पास है ऐसे सभी विदेश मंत्रियों का दो दिवसीय सम्मेलन का आयोजन किया था। इस सम्मेलन का मुख्य उद्देश्य विश्व राजनीति में महिला की भागीदारी को बढ़ाना और उन्हें सम्मानजनक स्थान दिलाने को लेकर चर्चा करना था।

पश्चिमी देशों से आई महिला विदेश मंत्रियों ने कहा कि महिलाओं की राजनीति में भागीदारी का विषय हो या राजनीति में उन्हें सम्मानजनक स्थान दिलाने की बात हो यूरोप अमेरिका कनाडा ऑस्ट्रेलिया में बाकी एशियाई देशों की तुलना में स्थिति काफी बेहतर है। एशियाई देशों को उससे सीखना चाहिए। पश्चिमी देशों के द्वारा दिए गए इस तरह के बयान का नेपाल की विदेश मंत्री डॉ आरजू राणा ने न सिर्फ खंडन किया बल्कि नसीहत देने वाली यूरोपीय सहित अन्य पश्चिमी देशों के विदेश मंत्रियों को सर्ववजनिक मंच से जवाब दिया।

शनिवार को इस सम्मेलन के समापन सत्र को संबोधित करते हुए डॉ राणा ने कहा कि वो एक छोटे से हिमालयी देश का प्रतिनिधित्व करती है और उन्हें गर्व है कि उनकी संस्कृति मे महिला को ईश्वर का दर्जा दिया गया है। उन्होंने संस्कृत का श्लोक यत्र नारयस्तु पूज्यन्ते रमंते तत्र देवता सुना कर कहा कि पश्चिम वाले की सोच आज तक वहां नहीं गई है जहां हमारे पूर्वज युगों पहले सोचा था।

सम्मेलन में नेपाल की विदेश मंत्री डॉ आरजू राणा ने भारत, बांग्लादेश, श्रीलंका, म्यांमार, पाकिस्तान जैसे देशों का उद्धाहरण देते हुए कहा कि इन सभी देशों में महिलाओं ने सत्ता का बागडोर सफलतापूर्वक संभाला है। साथ ही उन्होंने कहा कि पूरी दुनियां को महिला को अधिकार की बात का सबक सिखाने वाले बड़े बड़े देशों में आज आज तक कोई भी महिला सत्ता के शीर्ष स्थान तक नहीं पहुंच पाई। उन्होंने अमेरिका, चीन, रूस,कनाडा आदि देशों का नाम लेकर ही कहा कि इन देशों को पहले अपने गिरेबान में झांक कर देखना चाहिए।

नेपाल की विदेश मंत्री ने कहा कि यह बात सच है कि नेपाल में भी प्रमुख कार्यकारी स्थान पर आज तक महिला नहीं पहुंची है लेकिन राष्ट्रपति, स्पीकर और चीफ जस्टिस जैसे महत्वपूर्ण पद पर पहुंची है। डा राणा ने कहा कि यह बात भी सच है कि महिलाओं को राजनीति में आने में काफी चुनौतियों का सामना करना पड़ता है लेकिन यह समस्या सिर्फ एशियाई देशों में नहीं है बल्कि अमेरिका, चीन, रूस, कनाडा में भी है।

नेपाल की विदेश मंत्री ने कहा कि पश्चिमी देशों की महिलाएं या तो परिवार संभालती है, या राजनीति करती है या अपना दूसरा कैरियर संभालती है। एक संभालने पर वो बाकी नहीं संभाल पाती है। लेकिन एशियाई महिलाएं खास कर हिमालय और हिंद महासागर के बीच की जो महिलाएं हैं वो अपनी शादीशुदा जिंदगी भी संभालती है, परिवार और बच्चों को भी संभलती है, नौकरी पेशा जिंदगी भी बखूबी संभालती है, अपना कैरियर भी संवारती है और मौका मिलने पर इन सभी को संभालते हुए बहुत अच्छे से देश का राजपाट भी संभलती है।

न्यूज ब्रीफ

## श्रुति राजलक्ष्मी चक्रधरपुर की नयी अनुमण्डल पदाधिकारी बनीं



**ज्योति पाठक :** भारतीय प्रशासनिक सेवा 2022 के आईएएस अधिकारी सुश्री श्रुति राजलक्ष्मी चक्रधरपुर अनुमण्डल की नयी अनुमण्डल पदाधिकारी बनायी गयी हैं। इससे पूर्व वो पश्चिम सिंहभूम जिला में प्रशिक्षण के दौरान उपसमाह×र्ता भी रह चुकी हैं। इसके अलावे प्रशिक्षण के दौरान चक्रधरपुर अंचल में प्रभारी अंचल अधिकारी के रूप में भी पदस्थापित रही हैं। इसके पश्चात वो दिल्ली चली गयी थीं और वहां से लौटकर पदस्थापना की प्रतिक्षा कर रही थी। आज राज्य सरकार के द्वारा कई अनुमण्डल पदाधिकारी को बदला गया और नये अनुमण्डल पदाधिकारी की पदस्थापना भी की गयी। इसी क्रम में सुश्री श्रुति राजलक्ष्मी को चक्रधरपुर का अनुमण्डल पदाधिकारी बनाया गया है और वो संभवतः सोमवार को अपना पदभार वर्तमान अनुमण्डल पदाधिकारी रीना हासदा से ग्रहण करेंगी। गौरतलब हो कि 22 माह पूर्व रीना हांसदा चक्रधरपुर अनुमण्डल पदाधिकारी के रूप में पदस्थापित हुयी थी और उनका तबादला पद्दोन्नति के साथ गुमला हो गया है।

## विधानसभा चुनाव में प्रत्याशी के लिए केरा गांव में कांग्रेस की बैठक

**चाईबासा :** विधानसभा चुनाव में कांग्रेस पार्टी की ओर से प्रत्याशी देने को लेकर शनिवार को चक्रधरपुर प्रखंड के केरा गांव में पार्टी की बैठक हुई। इसमें कांग्रेस के जिला उपाध्यक्ष सह प्रखंड पर्यवेक्षक रमेश सिंह उपस्थित थे। उन्होंने कहा कि चाईबासा लोकसभा सीट कांग्रेस की परंपरागत सीट है, लेकिन गठबंधन के तहत यह सीट झामुमो के लिये छोड़ा गया था। इस बार यहां की जनता बदलाव चाहती है। अगर कांग्रेस पार्टी को यह सीट नहीं मिलती है तो यहां महागठबंधन को यह सीट गंवानी पड़ सकती है। सभी कांग्रेसी पूरे तन मन से चुनाव लड़ने का मन बना चुके हैं।

प्रदेश अध्यक्ष को यहां के कांग्रेसी की बात मानने की जरूरत है। चुनाव को देखते हुए गांव-गांव में कांग्रेस से लोगों को जोड़ने का कार्य चल रहा है। उन्होंने कहा कि इस बार कांग्रेस पार्टी चक्रधरपुर विधानसभा सीट भारी बहुमत से जीतेगी। इस दौरान चक्रधरपुर निर्वाचन क्षेत्र से विधानसभा चुनाव में दावेदारी करने वाले उम्मीदवारों को लेकर चर्चा की गई। बैठक में कांग्रेस पार्टी से प्रत्याशी बनने के लिए छह लोगों ने दावेदारी पेश करते हुए आवेदन दिया। इसमें विजय सिंह सामड, प्रीतम बांकिरा, अनुप्रिया सोय, मांगु हो, विजय सिंह सुम्बरूई, नारायण सिंह पूर्ति ने आवेदन दिया। बैठक में अमित मुखी, गुरु प्रसाद साहू समेत अन्य मौजूद थे।

## पारंपरिक गीतों व नृत्यों में दिखी पश्चिम ओडिशा की समृद्ध सांस्कृतिक इतिहास की झलक

**जमशेदपुर :** गोलमुरी स्थित केबुल मुखी बस्ती में शनिवार की शाम को करमा पूजा व नुआंखाई पर्व के उपलक्ष्य में मुखी समाज द्वारा जुहार भेंट घाट कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस सांस्कृतिक संध्या में समाज के युवाओं ने परंपरागत गीत-संगीत और नृत्य की प्रस्तुति से समां बांध दिया। आयोजन में मुखी समाज की प्राचीन संस्कृति और परंपराओं का खूबसूरत प्रदर्शन कर समाज के लोगों के बीच सांस्कृतिक धरोहर को संजोने का प्रयास किया। कार्यक्रम की शुरूआत मुखी समाज के युवाओं द्वारा पारंपरिक गीतों और नृत्यों से हुई। युवाओं ने संबलपुरी और आदिवासी लोकगीतों पर नृत्य करके लोगों का दिल जीत लिया। हर प्रस्तुति में परंपराओं की महक थी, जिसमें समाज के समृद्ध सांस्कृतिक इतिहास की झलक दिखी। इस अवसर पर पश्चिम ओडिशा से आये कृष्णा मुखी और उनकी टीम ने भी रंगारंग कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी। संबलपुरी गीतों और नृत्यों की उनके अद्भुत प्रस्तुतियों ने दर्शकों का खूब मनोरंजन किया और सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। इस सांस्कृतिक कार्यक्रम के माध्यम से समाज के लोगों को आपस में जोड़ने का प्रयास किया गया। समाज के बुजुर्गों से लेकर युवाओं तक, सभी ने इस कार्यक्रम का आनंद लिया और अपने सांस्कृतिक विरासत पर गर्व महसूस किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में गुरूचरण मुखी, टिंकू मुखी, राजन मुखी, सिकंदर मुखी, शिबू मुखी आकाश मुखी, राजा मुखी, राजन मुखी, डेविड मुखी, अरूण मुखी, श्रवण मुखी, सुमित मुखी, रिकू मुखी, गुरु प्रसाद मुखी समेत अन्य ने योगदान दिया।

नुआंखाई त्योहार ओडिशा, छत्तीसगढ़ और झारखंड के आदिवासी बहुल क्षेत्रों में धूमधाम से मनाया जाता है। यह मुख्य रूप से ओडिशा के पश्चिमी हिस्से में रहने वाले संभलपुरिया लोगों का प्रमुख कृषि पर्व है, जिसे विशेष रूप से खेती और नई फसल की पूजा के रूप में मनाया जाता है। जमशेदपुर में भी नुआंखाई को मनाने की परंपरा ने सामाजिक और सांस्कृतिक एकता का प्रतीक बना दिया है। आइए इस त्योहार की पौराणिक कथा और परंपरा पर चर्चा करें।

नुआंखाई की उत्पत्ति का संबंध कृषि से है। यह त्योहार मुख्य रूप से प्रकृति, विशेषकर अन्न देवता की पूजा से जुड़ा हुआ है। पौराणिक कथा के अनुसार, एक समय में कृषि का काम बहुत कठिन था और फसलें समय पर नहीं उगती थीं। तब भगवान विष्णु ने धरती पर आकर लोगों को कृषि के तरीकों और नई फसल उगाने की विधियों से परिचित कराया। उन्हें समझाया गया कि फसल कटने के बाद सबसे पहले उसे देवताओं को अर्पित करें, ताकि उनका आशीर्वाद प्राप्त हो और फसल हमेशा भरपूर हो। ओडिशा के इस त्योहार में खासकर देवी संबलेश्वरी की पूजा का प्रचलन है, जिन्हें इस क्षेत्र की प्रमुख देवी माना जाता है। मान्यता है कि देवी संबलेश्वरी लोगों की फसल की रक्षा करती हैं और उनकी भक्ति से अन्न देवता प्रसन्न होते हैं। इसलिए नई फसल का सबसे पहला अंश देवी को अर्पित किया जाता है, जिसे नुआ (नई) और खाई (खाना) का प्रतीक माना जाता है।

नुआंखाई का अर्थ है ह्यनई फसल का स्वागतह्ल। यह त्योहार खासतौर पर किसानों के लिए महत्वपूर्ण होता है, क्योंकि यह नई फसल को काटने और उसका आनंद लेने का समय होता है। नुआंखाई के दिन किसान अपनी नई फसल को घर लाते हैं और उसे पहले अपने कुल देवी-देवताओं को अर्पित करते हैं। इस त्योहार का सबसे महत्वपूर्ण अनुष्ठान ह्यनुआह्ल को देवी संबलेश्वरी को चढ़ाना होता है। इस पूजा के बाद, परिवार के सभी सदस्य एक साथ बैठते हैं और नुआंखाई जुहार का आयोजन करते हैं। जिसमें एक-दूसरे को नुआंखाई की बधाई दी जाती है और सामूहिक भोज का आनंद लिया जाता है। इस मौके पर विशेष पारंपरिक व्यंजन तैयार किये जाते हैं।

नुआंखाई केवल एक कृषि पर्व नहीं है, बल्कि यह समाज में एकता, सहयोग और भाईचारे का संदेश देता है। इस दिन लोग सभी प्रकार के व्यक्तिगत मतभेदों को भूलकर एक दूसरे के साथ खुशी और प्रेम बांटते हैं। खासतौर पर पश्चिमी ओडिशा में यह पर्व परिवारों को एक साथ लाता है और समाज में सामुदायिक भावना को मजबूत करता है। इसके अतिरिक्त, नुआंखाई का उत्सव कला, संगीत और लोक नृत्य से भी जुड़ा हुआ है। सांस्कृतिक कार्यक्रमों में रासार और धुंपा नृत्य जैसे पारंपरिक नृत्य किये जाते हैं। जिनमें स्थानीय वाद्य यंत्रों का उपयोग किया जाता है। इस दौरान ग्रामीण कलाकार अपनी कला का प्रदर्शन करते हैं और समाज के सभी वर्गों के लोग इसमें भाग लेते हैं।

# राजनीतिक आजादी और समस्याओं के मक्कड़ जाल से मुक्ति के लिए सभी को लेना होगा संकल्प : सुखराम

मेट्रो रेज संवाददाता

**चाईबासा :** चांडिल प्रखंड के चौका फूलो-झानो चौक के समीप शनिवार को स्वच्छ चांडिल स्वस्थ्य चांडिल की ओर से आयोजित ईचागढ़ मुक्ति संकल्प सभा में जन सैलाब उमड़ पड़ा। सभा में लोगों ने अबकी बार बदलाव की बयार का नारा देते हुए राजनीतिक आजादी और समस्याओं के मक्कड़ जाल से निजात पाने के लिए स्थानीय विधायक चुनने का संकल्प लिया। वीरांगना फूलो झानो की प्रतिमा पर श्रद्धांजलि अर्पित करने के बाद संकल्प सभा का शुभारंभ हुआ। संकल्प सभा में मुख्य अतिथि झारखंड आंदोलनकारी सह स्वच्छ चांडिल स्वस्थ्य चांडिल के संस्थापक सुखराम हेम्ब्रम ने कहा कि विधानसभा क्षेत्र को बाहरी जनप्रतिनिधि से मुक्ति दिलाने के लिए सामूहिक संकल्प लेना ही ईचागढ़ मुक्ति संकल्प सभा का मुख्य उद्देश्य है। सभा में उमड़े जनसैलाब ने यह साबित कर दिया है कि ईचागढ़ में बदलाव की बयार बह रही है। लोगों के मन में जनप्रतिनिधि बदलने की उत्सुकता है।

विस्थापितों की समस्या जस की तस

सुखराम हेम्ब्रम ने कहा कि यहां अब तक जितने भी विधायक बने ईचागढ़ का



अपेक्षित विकास नहीं होने दिया। अब ईचागढ़ को बाहरी विधायकों से आजाद करने का समय आ गया है। यहां विस्थापन का मामला 40 वर्षों से जस का तस है, जितने भी विधायक बने किसी ने भी विस्थापितों के मामले पर कुछ नहीं किया। सिर्फ चुनाव के समय ख्याली पुलाव पकाया जाता है। उन्होंने कहा कि जनता की सेवा करने का संकल्प के साथ चुनावी समर में तमाम ईचागढ़ के लोगों के आशीर्वाद से चुनाव लड़ा जाएगा। जनता की जीत होगी तो यहां के लोग नया इतिहास रचने का काम करेंगे। उन्होंने कहा कि भ्रष्टाचार मुक्त ईचागढ़ का निर्माण करने का संकल्प लेना होगा। इतनी बड़ी आबादी में मात्र एक डिग्री कॉलेज है। विद्यार्थियों की संख्या अधिक होने के कारण अनेक छात्र-छात्राएं उच्च शिक्षा से वंचित हो रहे हैं। सरकारी अस्पतालों में समुचित चिकित्सा व्यवस्था नहीं है। यहां के गरीब लोगों को जमीन जायदाद बेच कर शहरों में इलाज कराना विवशता है। ईचागढ़ विधान सभा क्षेत्र समस्याओं के भंवर में फंसकर कराह रही है और स्थानीय विधायक व सांसद तमाशा देख रहे हैं। बेरोजगारी चरम सीमा पर है, हजारों लोग पलायन करने के लिए विवश हैं।

जो शहीद को सम्मान नहीं दिला पाए उन्हें कितना सम्मान दें

वक्ताओं ने कहा कि जो जनप्रतिनिधि सरकार में रहते हुए झारखंड अलग राज्य के आंदोलन को धार देने वाले वीर शहीद निर्मल दा को शहीद का दर्जा तक नहीं दिला पाए। उस परिवार को ईचागढ़ की जनता अब कितना सम्मान दे। ऐसे राजनीतिक मौकापरस्तों से ईचागढ़वासियों को सावधान रहने की जरूरत है। सभा का संचालन लालू हजाम और हाड़ीराम सोरेन ने किया। अतिथियों का स्वागत महिलाओं ने आदिवासी पारंपरिक रीति-रिवाज से किया। सभा में धन्यवाद ज्ञापन श्यामल मार्डी ने किया। संकल्प सभा को ईचागढ़ प्रखंड के प्रमुख गुरुपद मार्डी, राम प्रसाद महतो, देवेंद्र माझी, अंगद सिंह, अशोक उरांव, कृष्णदास महतो, संतोष कुमार महतो, मंगल सिंह मुंडा, कुसुम कमल सिंह, लाल मोहन गोराई, चंचल उरांव, दुलाल सिंह, लाल मांझी, विश्वनाथ मंडल, लक्ष्मी नारायण सिंह मुंडा आदि ने भी संबोधित किया। मौके पर अधिवक्ता महेंद्र कुमार महतो, वरूण दे, नंदु गुप्ता, डोमन बास्के, प्रकाश मार्डी, सुभाष महतो, दुखु सिंह मुंडा, बेनी माध्सव सिंह, अरूण सिंह समेत बड़ी संख्या में ईचागढ़वासी शामिल हुए।

# सोनारी राजस्थान भवन में मंगल पाठ के दौरान गूंजे अग्रसेन महाराज के जयकारे

## भायली महिला मण्डल का अग्रसेन मंगल पाठ आयोजित

मेट्रो रेज संवाददाता

**जमशेदपुर :** शहर की सामाजिक एवं धार्मिक संस्था भायली महिला मण्डल की ओर से शनिवार को राजस्थान भवन सोनारी में भगवान श्री अग्रसेन महाराज के जन्मोत्सव के अवसर पर श्री अग्रसेन मंगल पाठ (द्वितीय वर्ष) का आयोजन किया गया। मण्डल अध्यक्ष कविता अग्रवाल और सचिव मंजू अग्रवाल के संयुक्त नेतृत्व में मारवाड़ी समाज की 151 महिलाओं ने राजस्थानी वेशभूषा में सुसज्जित होकर मंगल पाठ का वाचन किया। पाठ एवं आरती के बाद सभी भक्तों ने प्रसाद ग्रहण किया। इससे पहले यजमान उमा-ललित डांगा ने पूजा की और पंडित बिपिन ने पूजा करवाई। मंगल पाठ का वाचन शहर के प्रसिद्ध भजन गायक एवं पाठ वाचक महाबीर अग्रवाल (मुन्ना) ने गणेश वंदना से किया। उन्होंने कई भजन प्रस्तुत किये। इस दौरान



अग्रसेन जी महाराज के जयकारे गूंजते रहे। इस अवसर पर समाज के कई गणमान्य लोग भी उपस्थित थे। कार्यक्रम में आकर्षण का केंद्र भगवान अग्रसेन महाराज का दरबार, अखण्ड ज्योत, अग्रसेन जी का जन्मोत्सव, विवाह उत्सव, गजरा उत्सव, लक्की ड्रा और सरप्राइज गिफ्ट आदि कार्यक्रम प्रमुख रहा।

सात को मिला सम्मान

मारवाड़ी समाज के छह बुजुर्ग क्रमशः कन्हैयालाल अग्रवाल, टेकचंद अग्रवाल, शंकर लाल अग्रवाल, राधेश्याम अग्रवाल, ओमप्रकाश मूनका, रतन लाल सैन को वरिष्ठ श्री सम्मान से सम्मानित किया गया। साथ ही समाज सेवा के क्षेत्र में विशिष्ट योगदान के लिए अशोक कुमार अग्रवाल (मुन्ना) को हमारे कर्मवीर सम्मान से सम्मानित किया गया। मण्डल के सभी सदस्यों को भी कर्मठ सदस्य का सम्मान पत्र दिया गया जिनके सतत योगदान से मण्डल के सारे कार्य सुचारू रुप से संभव हो पाते हैं। कार्यक्रम को सफल बनाने में कोषाध्यक्ष सुमन अग्रवाल, मैना अग्रवाल, बिमला वर्मा, नीलम नागेलिया, लता अग्रवाल, कविता अग्रवाल, कंचन अग्रवाल, रिमा अग्रवाल, रीना अग्रवाल, शिवानी अग्रवाल, संगीता अग्रवाल, प्रीति अग्रवाल, सीमा डंगबाजिया, कविता कदमा, राजश्री हरुपका, गुरुप्रीत अग्रवाल, कविता झुनझुनवाला, स्वाति अग्रवाल, लक्ष्मी अग्रवाल, काजू अग्रवाल, खुश्बू शर्मा, संतोष अग्रवाल, रेखा अग्रवाल, डोली अग्रवाल आदि का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

## शिव उरांव का शहादत दिवस मनाया गया

**चान्हो।** चान्हो प्रखंड के सिलागांई के हुरहूरी गांव में शनिवार को शहीद शिव उरांव का 25वां शहादत दिवस श्रद्धापूर्वक मनाया गया। मुख्य अतिथि युवा भाजपा नेता सन्नी टोप्पो और विशिष्ट अतिथि चान्हो पूर्वी जिला परिषद सदस्य आशुतोष तिवारी ने शहीद की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया।

सन्नी टोप्पो ने शिव उरांव के बलिदान को याद करते हुए कहा कि उन्होंने अपने समाज के लिए प्राण न्योछावर कर दिए। उनके जीवन से प्रेरणा लेकर युवाओं को समाज सुधार और विकास के लिए कार्य करना चाहिए।

# और सुलभ होगी विधिक सेवाएं : विनोद कुमार

मेट्रो रेज संवाददाता

**चाईबासा :** झारखंड राज्य विधिक सेवा प्राधिकार रांची के निदेर्शानुसार तथा प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकार मोहम्मद शाकिर के मार्गदर्शन में जिला विधिक सेवा प्राधिकार चाईबासा द्वारा कानूनी सेवाओं को निःशुल्क जन-जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से अर्ध विधिक स्वयं सेवकों (पीएलवी) के चयन की प्रक्रिया पूरी करने के पश्चात प्रशिक्षण कार्यक्रम के दूसरे दिन बिनोद कुमार, मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी तथा राजीव कुमार सिंह सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकार ने विभिन्न विषयों और कानूनों पर उन्हें प्रशिक्षण दिया।

नव चयनित स्वयंसेवकों ने इस दौरान कई सवाल भी पूछे। कुमार ने उन्हें भारतीय न्याय संहिता की जानकारी देते हुए गिरिफ्तारी की दशा में जमानत के प्रावधानों और कारा में बंदियों के अधिकारों के बारे में जानकारी दी। उन्होंने कहा कि प्राधिकार के द्वारा संपादित कार्यों में पीएलवी की भूमिका अहम है।

तकनीकी सत्र के दौरान प्राधिकार के सचिव राजीव कुमार सिंह ने सभी प्रतिभागियों को श्रम अधिनियम न्यूनतम मजदूरी अधिनियम 1948, असंगठित मजदूर के कल्याण हेतु लागू कानून और उनके हित के लिए विविध प्रावधानों की विस्तृत जानकारी दी।

उन्हें अंतरराज्यीय प्रवास पर नियमों, ई निबंधन कार्ड, नालसा की योजनाओं और उसके द्वारा प्रदत्त सुविधाओं के बारे में भी बताया और स्वयंसेवक के रूप में पालन किए जाने वाले नियमों से अवगत कराया। प्राधिकार के सदस्य विकास दोदराजका ने भी उन्हें पीएलवी के रूप में अपने अनुभव साझा करते हुए कई उल्लेखनीय कार्यों का वर्णन किया और पीएलवी के रूप में कार्य करने के नियम कायदे से अवगत कराया। उन्हें अनुशासन और नैतिकता पर चलने को प्रेरित किया।

# कर्मियों को अधिकतम मिलेगा 63872 रुपये, 325 अस्थायी होंगे स्थायी

**जमशेदपुर :** टाटा मोटर्स वर्कर्स यूनियन एवं टाटा मोटर्स प्रबंधन के बीच शनिवार को बोनस समझौता हुआ। इस समझौते में जहां कर्मचारियों को अधिकतम 63872 रुपये मिलेंगे। वहीं एवरेज बोनस के तौर पर 46418 रुपए कर्मचारियों को प्राप्त होगा। समझौते के बाद यूनियन के पदाधिकारियों ने कार्यालय में इसकी जानकारी कर्मचारियों को दी। समझौते के तहत इस वर्ष 100 कर्मचारियों के स्थायीकरण पर प्रबंधन राजी हो गया है। इससे पहले हुए त्रिपक्षीय समझौता के तहत प्रत्येक तिमाही में 225 अस्थायी कर्मियों का स्थायी करना सुनिश्चित किया गया था। इसकी सूची आगामी एक अक्टूबर को निकलने वाली थी। इस दौरान 100 कर्मचारियों की संख्या जुड़ने से संख्या बढ़कर 325 हो गई है।

नवंबर माह में निकलेगी डिप्लोमा की बहाली



यूनियन पदाधिकारियों ने बताया गया कि कर्मचारियों के हित में कई निर्णय लिए गए हैं। इसमें फुल टर्म अप्रेंटिस कंप्लीट करने के बाद कर्मचारी पुत्रों का नियोजन स्थायी तौर पर किया जाएगा। इसके साथ-साथ लगभग 116 ऐसे प्रशिक्षु जो पूर्व में टीएमएसटी एवं फुल टर्म अप्रेंटिस कंप्लीट कर चुके हैं, उन्हें भी डिप्लोमा कार्यक्रम से जोड़कर अप्रैल 2025 में नियोजन प्रक्रिया में शामिल किया जाएगा। डिप्लोमा की बहाली के लिए नवंबर माह में वैकेंसी निकलेगी। ऐसे में फुल टाइम अप्रेंटिस (3 वर्ष के डिप्लोमा) पूर्ण करने के बाद वे चाहें तो कंपनी में टेक्निकल के तौर पर रह सकते हैं या फिर सुपरवाइजर या अन्य वैकेंसी में अपने आप को शामिल कर बेहतर पदोन्नति पा सकते हैं।

कर्मचारी हित में बेहतर बोनस समझौता करने के लिए शनिवार की शाम को कर्मचारियों ने यूनियन अध्यक्ष गुरमीत सिंह एवं महामंत्री आरके सिंह का गर्मजोशी से स्वागत किया। दोनों के अलावे सलाहकार प्रवीण सिंह को टाटा मोटर्स मेन गेट से सैकड़ों की संख्या में कर्मचारी गाजे बाजे के साथ जुलूस के रूप में यूनियन कार्यालय तक लाए। यूनियन नेताओं ने कर्मचारियों से बोनस के पैसे का सदुपयोग करने की सलाह दी।

# महिला अभ्यर्थी की नथुनी नहीं खुली तो नाक पर चिपकाया गया टेप

मेट्रो रेज संवाददाता

**धनबाद :** हीरापुर स्थित अभय सुंदरी स्कूल में एक महिला अभ्यर्थी परीक्षा केंद्र में प्रवेश करने के लिए पहुंची। निजी एजेंसी के सुरक्षा गार्ड ने उससे जेवरात उतारने को कहा। उसने हाथ, गले व कान में पहने सारे जेवरात उतार कर अपने परिजन को सौंप दिया। नाक की नथुनी फंस जाने के कारण वह नहीं खुली। इस पर परीक्षार्थी को प्रवेश से रोक दिया गया। बाद में महिला परीक्षार्थी के नाक पर टेप चिपका कर परीक्षा केंद्र में प्रवेश दिया गया।

उपायुक्त ने किया कई परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण, दिये निर्देश :

उपायुक्त माधवी मिश्रा ने शनिवार को हुई झारखंड सामान्य स्नातक योग्यताधारी संयुक्त प्रतियोगिता परीक्षा -2023 (जेजीजीएलसीसीइ-2023) के दौरान लुबी सर्कुलर रोड एसएसएलएनटी महिला कॉलेज और हीरक रोड स्थित माउंट लिटेरा जी स्कूल सहित कई परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण किया। इस क्रम में उन्होंने ऑब्जर्वर, सेंटर सुपरीटेंडेंट, स्टेटिक दंडाधिकारी एवं पुलिस पदाधिकारी से सुरक्षा, विधि-व्यवस्था, सीसीटीवी कैमरे, मोबाइल जैमर सहित अन्य सुविधाओं से संबंधित जानकारी ली। साथ ही कदाचार मुक्त एवं शांतिपूर्ण परीक्षा संपन्न कराने के लिए आवश्यक दिशा निर्देश दिये। इससे पहले उन्होंने जिला कोषागार स्थित डिस्पैच सेंटर का भी निरीक्षण किया। उन्होंने प्रश्न पत्रों को आयोग द्वारा निर्धारित



एसओपी के तहत समय पर और सुरक्षित तरीके से संबंधित परीक्षा केंद्रों में पहुंचाने का निर्देश दिया।

कंट्रोल रूम में जमे रहे एसडीओ :

परीक्षा को सुचारू रूप से संपन्न कराने के लिए उपायुक्त के निर्देश पर कंट्रोल रूम स्थापित किया गया है। शनिवार को अनुमंडल कार्यालय के सामने स्थापित कंट्रोल रूम शनिवार सुबह 5:30 बजे से कार्यरत रहा। एसडीओ उदय रजक कंट्रोल रूम के वरीय प्रभार में रहे। जबकि कार्यपालक दंडाधिकारी रवींद्र नाथ ठाकुर इसके प्रभार में रहे। दोनों अधिकारी दिन भर कंट्रोल रूम जमे रहे। कंट्रोल रूम परीक्षा समाप्ति के बाद उत्तर पुस्तिका के ट्रेजरी तक पहुंचाने का कार्यरत रहा।

समाप्ति के बाद उत्तर पुस्तिका के ट्रेजरी तक पहुंचाने का कार्यरत रहा।

कंट्रोल रूम में जमे रहे एसडीओ : परीक्षा को सुचारू रूप से संपन्न कराने के लिए उपायुक्त के निर्देश पर कंट्रोल रूम स्थापित किया गया है। शनिवार को अनुमंडल कार्यालय के सामने स्थापित कंट्रोल रूम शनिवार सुबह 5:30 बजे से कार्यरत रहा। एसडीओ उदय रजक कंट्रोल रूम के वरीय प्रभार में रहे। जबकि कार्यपालक दंडाधिकारी रवींद्र नाथ ठाकुर इसके प्रभार में रहे। दोनों अधिकारी दिन भर कंट्रोल रूम जमे रहे। कंट्रोल रूम परीक्षा समाप्ति के बाद उत्तर पुस्तिका के ट्रेजरी तक पहुंचाने का कार्यरत रहा।